दैनिक
भोपाल, ग्वालियर, झांसी एवं शिवपुरी से एक साथ प्रकाशित
राष्ट्रवादी विचार धारा
जय खेड़ापति सरकार
RNI.UPHIN/2021/84495
# नवनीत एक्सप्रेस
न डरते है न डराते है, सच उजागर करते हैं
वर्ष - 06 अंक-171 संपादक - उत्तम कुमार दुबे | झांसी,बुधवार 23 जुलाई 2025 | Email ID navneetexpress33@gmail.c | पृष्ठ - 08 मूल्य - 02 रू.

# यूपी में वर्तमान कृषि उत्पादन से तीन गुना अधिक करने की क्षमता : सीएम योगी

लखनऊ

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भी यूपी में सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि है। लगभग तीन करोड़ किसान कृषि पर निर्भर करते हैं। इसके बाद सर्वाधिक रोजगार एमएसएमई दे रहा है। इसके माध्यम से 1.65 करोड़ लोग रोजगार प्राप्त करते हैं। सीएम ने कहा कि कृषि पलायन का नहीं, बल्कि खुशहाली का माध्यम बने। यह तभी संभव है, जब इस क्षेत्र में किए जाने वाले अनुसंधान का लाभ किसानों को दे पाएंगे। सीएम ने कहा कि यूपी विकसित होता है तो भारत को विकसित होने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में ईमानदारी से प्रयास करता है तो उस लक्ष्य को प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के 36वें स्थापना दिवस में शिरकत की। सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन और पुस्तिकाओं-न्यूज लेटर का विमोचन किया। उन्होंने राष्ट्रीय संगोष्ठी विकसित कृषि-विकसित उत्तर प्रदेश/ 2047शृ में अपने विचार भी रखे। सीएम ने कृषि वैज्ञानिकों, युवा प्रतिभाओं, एफपीओ आदि का सम्मान भी किया।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कृषि व कृषि अनुसंधान की दृष्टि से यूपी प्रकृति व परमात्मा की कृपा वाला प्रदेश है। हमारे पास विस्तृत और उर्वरा कृषि भूमि, पर्याप्त जल संसाधन है। दुनिया में यूपी एकमात्र ऐसा राज्य होगा, जिसका 86 फीसदी से अधिक भूभाग सिंचित है। यहां केंद्र व राज्य सरकार के कृषि विश्वविद्यालयों का बेहतरीन संजाल



है। यूपी सरकार पहले से चार कृषि विवि संचालित कर रही है। पांचवां विवि भी स्थापित हो रहा है। केंद्र सरकार द्वारा भी प्रदेश में पहले से ही कृषि विवि संचालित हो रहे हैं और कृषि अनुसंधान के लिए 15 से अधिक संस्थान कार्यरत हैं। 89 कृषि विज्ञान केंद्र भी अपनी विशेषज्ञता का लाभ किसानों को प्रदान करते हैं। इसके बावजूद किसानों की स्थिति चौंकाने वाले तथ्य प्रस्तुत करती है। प्रदेश के बमुश्किल 25 से 30 फीसदी किसान ही ऐसे हैं, जो वैज्ञानिक शोध व अनुसंधान के कार्यों को प्रभावी ढंग से खेती में लागू कर पा रहे हैं।

### यूपी की भूमि से तीन गुना अधिक लिया जा सकता उत्पादन

उन्होंने कहा कि देश की आबादी का 16 फीसदी हिस्सा यूपी में निवास करता है। देश के कृषि योग्य कुल भूमि का केवल 11 फीसदी यूपी में है। इस भूमि पर देश का 20 फीसदी से अधिक खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है। हालांकि यूपी की भूमि के समतलीकरण, उर्वरता, जल संसाधन को देखते हुए इससे तीन गुना अधिक उत्पादन लिया जा सकता है, लेकिन इसके लिए कृषि शोध, विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। सीएम ने कहा कि वही देश विकसित हुए हैं, जिन्होंने अधिकाधिक शोध और विकास पर ध्यान दिया। उनका क्षेत्र अलग हो सकता है। जिसने जिस क्षेत्र में कार्य किया, वह वहां आगे बढ़ा।

### यूपी के पास दुनिया का पेट भरने का भी सामर्थ्य

सीएम ने कहा कि यूपी के पास देश ही नहीं, दुनिया का पेट भरने का भी सामर्थ्य है। कृषि, हॉर्टिकल्चर, सब्जी के लिए हम बहुत कुछ कर सकते हैं। यहां के क्लाइमेटिक जोन के अनुरूप अनुसंधान और प्रकृति-पर्यावरण के अनुरूप शोध को बढ़ाने के लिए और गति दिए जाने की आवश्यकता है। सीएम ने कहा कि आपके द्वारा किए गए शोध व विकास के कार्यक्रमों की गति देश व प्रदेश की प्रगति में निर्णायक भूमिका का निर्वहन कर सकती है।

### शॉर्ट टर्म, मीडियम व लॉन्ग टर्म प्लानिंग को लेकर भी चलना होगा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2047 में जब भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी होगा तो यूपी कहां होगा, उसकी प्रति व्यक्ति आय क्या होगी। कृषि, इंफ्रस्ट्रकर, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी क्या स्थिति होनी है। इस पर यूपी ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है। हम विजन 2047 की कार्ययोजना के साथ तो आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन हमारे पास शॉर्ट टर्म भी होना चाहिए कि हमें दो वर्ष में क्या अचीव करना है। हमें 2027, 29 और 35 की भी बात करनी चाहिए। पब्लिक को अपील करने के लिए शॉर्ट टर्म, मीडियम और लॉन्ग टर्म प्लानिंग को लेकर चलना होगा। कृषि विवि, कृषि विज्ञान केंद्रों व अनुसंधान के लिए कार्यरत संस्थान इस दिशा में प्रयास प्रारंभ करें।

### किसानों को डिमास्ट्रेशन के माध्यम से दें जानकारी

सीएम ने कहा कि कोई फसल एक महीने विलंब होगी और बीज वही पुराना है तो उसके प्रोडक्शन पर भी 30 फीसदी तक असर होगा। सीएम ने पूछा कि क्या लेट वेरायटी के लिए किसानों को तैयार किया। बीज की उपलब्धता व डिमास्ट्रेशन के लिए किसान को प्रशिक्षित किया। यदि कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विवि, अनुसंधान केंद्रों के माध्यम से समय पर सही जानकारी व डिमास्ट्रेशन से बताएंगे नहीं कि इस बीज से इसका इतना प्रोडक्शन लिया जा सकता है तो उसे विश्वास नहीं होगा। आज भी यदि वह पुरानी रणनीति के तहत पुरानी तकनीक पर आधारित खेती करने पर मजबूर है तो इसलिए, क्योंकि हम उसे केंद्रों तक लाने में विफल रहे हैं।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप

## प्रमुख संक्षिप्त

### चंदन मिश्रा हत्याकांड के 2 शूटर मुठभेड़ में घायल

आरा। बिहार के आरा में स्पेशल टास्क फोर्स और गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या से जुड़े कुछ आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें दो बदमाशों को गोली लगी है। एक को गिरफ्तार किया गया है। हथियार भी बरामद किए गए हैं। एटीएस को गैंगस्टर मर्डर केस से जुड़े 3 अपराधियों बलवंत, रवि रंजन और अभिषेक के बिहियां थाना क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। टीम ने मंगलवार सुबह 5 बजे कटिया रोड के पास उन्हें घेर लिया। बदमाशों को सरेंडर करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बलवंत और रवि रंजन को पैर में गोली लगी है। दोनों को आरा सदर अस्पताल भेजा गया है। अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो मैगजीन और 4 कारतूस बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में एटीएस के 2 जवान रोहित कुमार और उत्तम कुमार भी जख्मी हुए हैं।

### 6 साल की बच्ची से गैंगरेप

पानीपत। हरियाणा के पानीपत में 6 साल की बच्ची का अपहरण कर उसके साथ गैंगरेप किया गया। बच्ची अपनी मां के पास सोई थी। रात को पड़ोसी दीवार फांदकर घर में घुसा और बच्ची को मुंह दबाकर पड़ोस के ही एक खंडहर मकान में ले गया। यहां पहले से उसका एक साथी मौजूद था। दोनों ने बारी-बारी से रेप किया। इस दौरान उन्होंने बच्ची की डंडे से पिटाई भी की। वारदात के बाद अर्धनग्न हालत में बच्ची घर पहुंची और मां को जगाया। मां ने खून से सनी टी-शर्ट देखी तो उससे सारी बात पूछी। इसके बाद माता-पिता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा अभी फरार है। वारदात देर रात 2 बजे की है।

### एयरपोर्ट पर पकड़ाया 28 किलो सोना

सूरत। गुजरात के सूरत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोने की एक बड़ी तस्करी की कोशिश को सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की विजिलेंस टीम ने दुबई से सूरत आई एयर इंडिया की फ्लाइट आईएक्स-174 से उतरे दो यात्रियों की संदिग्ध गतिविधि देखी तो उन्हें रोक लिया। उनके सामान और शरीर की जांच के बाद पेस्ट के रूप में लगभग 28 किलो सोना बरामद किया गया। सूरत एयरपोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक सूरत एयरपोर्ट पर पकड़ी गई ये सबसे बड़ी सोने की खेप है। आरोपी उस समय पकड़े गए जब रात करीब 10 बजे दुबई की फ्लाइट आई। सीआईएसएफ की विजिलेंस यूनिट हवाई अड्डे के इंटरनेशनल आगमन क्षेत्र में सुरक्षा जांच में जुटी थी। इसी दौरान इन दो यात्रियों के चलने का तरीका, बातचीत की शैली और सुरक्षा जांच से बचने की कोशिशों से अधिकारियों को शक हुआ।

### लैंड करते ही एयर इंडिया की फ्लाइट के पिछले हिस्से में लगी आग सभी यात्री सुरक्षित

नई दिल्ली। हांगकांग से दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर लैंड करते ही एयर इंडिया की फ्लाइट के पिछले हिस्से में आग लग गई। साथ ही सारे पैसेंजर्स और क्रू के सदस्य सुरक्षित उतर गए। एयर इंडिया की तरफ से इस पर आधिकारिक बयान जारी किया गया है। एयर इंडिया के अनुसार घटना डिसएंबार्किंग के दौरान हुई। इस बयान के अनुसार मंगलवार, 22 जुलाई को हांगकांग से दिल्ली आ रही फ्लाइट संख्?या एआई 315 के गेट पर उतरने और खड़े होने के कुछ ही देर बाद उसमें ऑक्जिलरी पावर यूनिट (एपीयू) में आग लग गई। एयरलाइन के अनुसार यह घटना तब हुई जब यात्री उतरने लगे थे। सिस्टम डिजाइन के अनुसार एपीयू ऑटोमैटिकली बंद कर दिया गया। एयरक्राफ्ट को कुछ नुकसान हुआ है। एयरलाइन के अनुसार विमान को आगे की जांच के लिए रोक दिया गया है और नियामक को सूचित कर दिया गया है।

### ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले को मिलेंगे सात करोड़

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत ऐतिहासिक फैसला लिया है। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने जानकारी दी है कि ओलंपिक में जीतने वाले विजेताओं को सरकार की ओर से कैश रिवॉर्ड को बढ़ा दिया गया है। प्रेस वार्ता में मंत्री आशीष सूद ने बताया कि ओलंपिक गेम्स में गोल्ड जीतने वाल खिलाड़ी को सात करोड़ रुपये, सिल्वर मेडल जीतने वालों को पांच करोड़ रुपये और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालों को तीन करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

भारतीय सेना को अपाचे हेलिकॉप्टर की पहली खेप मिली

# 3 हेलिकॉप्टर अमेरिका से हिंडन एयरबेस पर लाए

नई दिल्ली

भारतीय सेना को अमेरिका से तीन अपाचे एएच-64ई हेलिकॉप्टरों की पहली खेप मिल गई। सेना ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। इन्हें अमेरिका से एंटोनोव ट्रांसपोर्ट विमान में गाजियाबाद जिले के हिंडन एयर बेस लाया गया। सेना के मुताबिक, सौदे के तहत 6 अपाचे गार्डियन हेलिकॉप्टर मिलने हैं। 3 आ चुके हैं। इन्हें रेत जैसे रंग से रंगा गया है, इससे रेगिस्तानी इलाकों में छिपने में मदद मिलती



है। इन हेलिकॉप्टर्स से सेना के हमला करने और ऑपरेशनल क्षमता में काफी इजाफा होगा।

अपाचे हेलिकॉप्टर को पाकिस्तान के साथ लगी पश्चिमी सीमा के पास जोधपुर में तैनात किया जाएगा। भारतीय थल सेना को पहली बार अपाचे हेलिकॉप्टर मिले हैं। ये हेलिकॉप्टर दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू हेलिकॉप्टरों में से हैं। भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलिकॉप्टर हैं। अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर की दो स्क्वाड्रन पाकिस्तान और चीन सीमा पर मोर्चे पर तैनात हैं। अमेरिका ने 2020 में वायुसेना को 22 अपाचे हेलिकॉप्टर डिलीवर किए थे।

# राष्ट्रपति के 14 सवालों पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की पीठ मंगलवार को राष्ट्रपति द्वारा उठाए गए 14 सवालों पर विचार करने के लिए तैयार हो गई है। दरअसल राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर ये सवाल उठाए थे, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति और राज्यपालों को किसी विधेयक को मंजूरी देने की समयसीमा तय करने को कहा था। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस



नरसिम्हा और जस्टिस ए एस चंदूरकर की सदस्यता वाली संविधान पीठ अगस्त के मध्य से इस पर सुनवाई शुरू करेगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 143 (1) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए थे। संविधान का अनुच्छेद 143(1) राष्ट्रपति के सुप्रीम कोर्ट से विचार-विमर्श करने से संबंधित है। इसमें कहा गया है, यदि किसी भी समय

# 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस में महाराष्ट्र सरकार पहुंची सुप्रीम

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था

मुंबई।

2006 के मुंबई सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में अब महाराष्ट्र सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। शीर्ष कोर्ट में 24 जुलाई को सुनवाई होगी। महाराष्ट्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की अपील की थी। मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि प्रॉसीक्यूशन, यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वॉन्टेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार शाम 12 में से दो आरोपियों को नागपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। इनमें एहतेशाम सिद्दीकी शामिल हैं।

# चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर को सही

नई दिल्ली।

बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने है। इसके लिए राज्यभर की राजनीति में गर्माहट तेज है। हालांकि गर्माहट का एक और बड़ा कारण चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2025) के फैसले को लेकर भी है। जहां विपक्षी दल लगातार से चुनाव आयोग के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में मंगलवार को चुनाव आयोग ने बिहार में चल रहे एसआईआर-2025 को लेकर उठ रहे सवालों पर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर सफाई दी है।

### आधार, मतदाता और राशन कार्ड केवल पहचान के लिए मान्य

अपने हलफनामें में चुनाव आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया चुनाव की पवित्रता बनाए रखने के लिए जरूरी है, क्योंकि इससे अयोग्य व्यक्तियों को मतदाता सूची से हटाया जाता है। आयोग ने बताया कि एसआईआर-2025 के दौरान आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड जैसी पहचान से जुड़ी जानकारी का इस्तेमाल केवल पहचान स्थापित करने के लिए किया जा रहा है, नागरिकता या निवास प्रमाण के रूप में नहीं। आयोग ने साफ किया कि आधार नंबर देना वैकल्पिक है और यह केवल पहचान के लिए लिया जा रहा है ना कि नागरिकता साबित करने के लिए।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंजूर

नई दिल्ली।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस्तीफा मंजूर कर लिया। यह जानकारी राज्यसभा में पीठासीन घनश्याम तिवाड़ी ने दी। धनखड़ आज सदन की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए। सुबह 11 बजे अपर सदन की कार्यवाही की शुरुआत उप सभापति सांसद हरिवंश ने की। इससे पहले खबर आई थी कि जगदीप इस्तीफा वापस नहीं लेंगे। ना ही विदाई समारोह में शामिल होंगे। उधर, पीएम मोदी ने कहा कि मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। देश के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त

# जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में लैंडस्लाइड, 5 मौतें

नई दिल्ली।

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में सोमवार को बारिश और लैंडस्लाइड से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 साल का एक बच्चा भी है। लैंडस्लाइड की अलग-अलग घटनाओं में कई लोग घायल भी हुए हैं। जम्मू के रियासी में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले रास्ते पर भूस्खलन में 70 साल के तीर्थयात्री की मौत हो गई, 9 घायल हो गए। वहीं, हिमाचल के चंबा में घर के ऊपर चट्टान गिरने से नवविवाहित जोड़े की मौत हो गई। राज्य की 401 सड़कें बंद हैं। इधर,

मप्र के कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघ बाढ़ में बहा; उत्तराखंड-महाराष्ट्र समेत 5 राज्यों में बारिश का अलर्ट



मध्य प्रदेश के मंडला जिले में कान्हा टाइगर रिजर्व में एक बाघ बाढ़ में बह गया। बंजर नदी में बहते हुए बाघ को देखा गया। जबलपुर समेत प्रदेश के 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

भोजनालयों के लिए क्यूआर कोड मामले पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# कांवड़ मार्ग पर सभी होटलों को दिखाना होगा लाइसेंस

नई दिल्ली।

भोजनालयों के लिए क्यूआर कोड मामले पर सुप्रीम कोर्ट से उत्तर प्रदेश सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने क्यूआर कोड संबंधी आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग के सभी होटल मालिकों को लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने क्यू कोड अनिवार्य करने के मुद्दे पर कोई निर्देश नहीं दिया। अदालत ने कहा कि अभी क्यूआर कोड के मुद्दे पर विचार नहीं किया गया है और मुख्य याचिका पर सुनवाई के दौरान इस पर विचार किया जा सकता है। मुख्य याचिका अभी अदालत में लंबित है।

सर्वोच्च न्यायालय उत्तर प्रदेश सरकार के उस निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के उस



आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें सरकार ने कांवड़ मार्ग पर सभी खाने-पीने की दुकानों और भोजनालयों पर क्यूआर कोड स्टीकर प्रदर्शित करने और साथ ही दुकानों के बाहर बैनर लगाकर दुकान मालिक के नाम और पहचान को प्रदर्शित करने को कहा था। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा था। सरकार के आदेश के खिलाफ याचिकाएं शिक्षाविद अपूर्वानंद झा, एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और अन्य ने दायर की थीं।

### इससे सांप्रदायिक हिंसा बढ़ने का खतरा

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के लिए कहना भेदभाव है और साथ ही यह कांवड़ियों के लिए संकेत है कि उन्हें किस दुकान को नजरअंदाज करना है।

दैनिक
नवनीत एक्सप्रेस



# व्हाइट कोट पहनकर मानवता की सेवा के लिए समर्पित मार्ग चुनना आपकी जिम्मेदारी : डॉ. ईला गुजारिया

## मेडिकल कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का हुआ आयोजन

**निज संवाददाता**

शिवपुरी। श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शिवपुरी में मंगलवार को मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित, पुष्प अर्पण कर व्हाइट कोट सेरेमनी का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉक्टर डी.परमहंस, अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष चौऋषि, को-ऑर्डिनेटर एमईयू डॉ. ईला गुजारिया, विभागाध्यक्ष डॉक्टर केबी वर्मा, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ अनन्त राखोंडे, कम्यूनिटी मेडिसिन विभागायध्यक्ष डॉ राजेश अहिरवार, विभागाध्यक्ष डॉक्टर अपराजिता तोमर द्वारा किया गया। मेडिकल कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त विभाग अध्यक्षों, अन्य चिकित्सा शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को व्हाइट कोट पहना कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान कॉलेज के समस्त वरिष्ठ सीनीयर, जूनियर डॉक्टर्स के साथ एमबीबीएस छात्र-छात्राऐं उपस्थित हुए। इस दौरान उन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा अभिभावकों के साथ मीटिंग कर अभिभावकों को कॉलेज की सुविधाएं दिखाई गई। बताया गया कि पेरेंट्स बराबर संपर्क में रहें, ताकि वे मानसिक तनाव से दूर सकें। छात्र-छात्राऐं गलत संगत में पड़कर बुरी आदत नहीं अपनाएं। अधिष्ठाता डॉक्टर डी.परमहंस ने एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को



शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्हाइट कोट प्रतीकात्मक संस्कार है। नए छात्र-छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र में शामिल करता है। साथ ही यह भी कहा कि कॉलेज में शैक्षिक माहौल प्रदान करना उनकी जिम्मेदारी है। इसके लिए कॉलेज फैकल्टी प्रतिबद्ध है। चिकित्सा पेशे में मेहनत, समर्पण, करुणा और सहानुभूति की जरूरत होती है। आपने जो व्हाइट कोट पहना है यह बड़ी जिम्मेदारी है। चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के दौरान कई प्रकार के अनुभव आपको मिलेंगे। इसके साथ ही को-ऑर्डिनेटर एमईयू मेडिकल डॉ. ईला गुजारिया ने कहा कि एमबीबीएस छात्र-छात्राएं जो व्हाइट कोट पहनते रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि व्हाइट कोट क्यों पहना जाता है। इसका महत्व क्या है। इसे पहनकर चिकित्सक के पेशे को अपना लेना ही काफी नहीं है। व्हाइट कोट के पीछे बड़ी जिम्मेदारी छिपी हुई हैं। इन सारी जिम्मेदारियों का अहसास कराने के लिए ही मेडिकल कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया है। जिससे विद्यार्थी चिकित्सक के पेशे के ग्लैमर के साथ ही अपनी जिम्मेदारियों का भी ध्यान रखें।व्हाइट कोट पहनकर मानवता की सेवा के लिए समर्पित मार्ग चुनना आपकी जिम्मेदारी है। व्हाइट कोट सेरेमनी के दौरान डॉक्टर अनंत राखोंडे ने छात्र-छात्राओं को व्हाइट कोट सेरेमनी की शपथ भी दिलाई गई। जिसमें कहा गया कि इस व्हाइट कोट को पहनकर अपनी आखिरी सांस या धरती पर मौजूद पीड़ित मानवों की जिंदगी को बचाने की कोशिश करेंगे।

# गायत्री पार्क में आज लगेगा नि:शुल्क कैंसर परीक्षण एवं निदान शिविर

**निज संवाददाता**

शिवपुरी। तथागत फाउंडेशन एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान मे न्यू ब्लॉक विद्या मंदिर स्कूल के पास स्थित गायत्री परिवार एक्यूप्रेशर हेल्थ पार्क में बुधवार 23 जुलाई को शाम 4 से 6 बजे तक निशुल्क कैंसर निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में महिलाओं हेतु स्तन और गर्भाशय के कैंसर का निशुल्क परीक्षण एवं निदान किया जावेगा। उक्त आयोजन तथागत फाउंडेशन शिवपुरी एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया जावेगा। उक्त शिविर प्रति महीने दूसरे और चौथे बुधवार को आयोजित किया जाता है। इस शिविर में गर्भाशय और ब्रेस्ट कैंसर का परीक्षण महिला चिकित्सकों के द्वारा किया जावेगा तथा जांच आदि भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इस शिविर में यूट्रस कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर की जांच और परीक्षण महिला चिकित्सक के द्वारा किया जावेगा। डॉ पी के खरे ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं में होने वाले ब्रेस्ट और यूट्रस कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ भ्रान्ति का निराकरण और समुचित इलाज करना है*इस शिविर मै एफ एन ए सी, पैप्सीमैयर, पंच वायोप्सी, इन प्रिंट सैटालाजी जैसी जांचें निशुल्क की जायेंगे। डॉ खरे ने बताया कि मुख का पूरा ना खुलना, मुंह की झिल्ली का असामान्य हो जाना,मुंह में दवाओं से ठीक न होने वाले छालों के रोगी, शरीर पर कहीं भी उभरती गांठ या गांठों, न भरने वाले घावों, किसी भी भाग से असामान्य रक्तस्राव,आवाज में बदलाव आदि लक्षण वाले भी जांच करवा सकते हैं। तथागत फाउंडेशन की सचिव श्रीमती पुष्पा खरे, श्वेता, आकांक्षा गौड, प्रीति जैन, नम्रता गौतम सहित तथागत फाउंडेशन की सभी महिला सदस्यों ने शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# सेसई बीट की 65 बीघा वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई

## वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

## अतिक्रमण को हटाकर अतिक्रमणरोधी खंतियां खोदी गईं

**निज संवाददाता**

शिवपुरी। सामान्य वनमण्डल शिवपुरी अंतर्गत वन परिक्षेत्र कोलारस की बीट सेसई स्थित कक्ष क्रमांक आरएफ 75 में लगभग 65 बीघा शासकीय वनभूमि पर अतिक्रमण कर खेती की जा रही थी, जिसे जिला स्तरीय टास्क फोर्स के निर्देशन में मुक्त कराया गया। यह अतिक्रमण रामनिवास गुर्जर पुत्र धनपाल गुर्जर निवासी सुजवाया, जिला शिवपुरी द्वारा किया गया था, जो एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है एवं जिस पर पूर्व में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी एवं वनमण्डलाधिकारी शिवपुरी के



निर्देशानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आज मंगलवार को सुबह 10 बजे प्रारंभ की गई। कार्यवाही का नेतृत्व उपवनमण्डलाधिकारी करैरा आदित्य शांडिल्य द्वारा किया गया। इस दौरान गोपाल सिंह जाटव परिक्षेत्राधिकारी कोलारस, रवि पटेरिया परिक्षेत्राधिकारी बदरवास, तुलसीराम चौपड़ा प्रभारी उडनदस्ता, रवि चौहान थाना प्रभारी कोलारस, सौरभ तोमर उप निरीक्षक कोलारस, आशीष जैन नायब तहसीलदार कोलारस सहित राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग के लगभग 120 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यवाही के दौरान 3 जेसीबी मशीनों की सहायता से अतिक्रमणकर्ता द्वारा बनाई गई पत्थर की दीवार, कच्चे-पक्के मकान एवं पाटौर को ध्वस्त किया गया। समस्त अतिक्रमण को हटाकर अतिक्रमणरोधी खंतियों की खुदाई की गई, जिनमें खैर, बबूल, प्रोसोपिस आदि प्रजातियों के बीजों का छिड़काव कर भविष्य में वृक्षारोपण की योजना बनाई गई है। वनमण्डलाधिकारी शिवपुरी द्वारा समस्त अतिक्रमणकारियों से अपील की गई है कि वे स्वेच्छा से शासकीय वन भूमि को खाली करें एवं वन और पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें। भविष्य में अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# प्रजापति समाज द्वारा राजा दक्ष प्रजापति के रूप में निकाला जाएगा चल समारोह

## घोड़े-बग्गी पर सवार होकर निकलेंगें राजा दक्ष, 17 सितम्बर को किया जाएगा भव्य आयोजन

**निज संवाददाता**



शिवपुरी। प्रजापति समाज के द्वारा आगामी 17 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर समाज के अग्रज राजा दक्ष प्रजापति के रूप में भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर गत दिवस स्थानीय त्रिवेणी गार्डन में समाज की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चल समारोह को लेकर समाजजनों ने रूपरेखा को लेकर विचार-विमर्श किए। समाज के वरिष्ठजनों ने बैठक की अध्यक्षता की और आयोजन को सफल बनाने को लेकर अपनी-अपनी बात रखी। इस आयोजन की रूपरेखा को लेकर प्रजापति समाज के वरिष्ठजन हरज्ञान प्रजापति के द्वारा समाजजनों को बताया गया कि प्रजापति समाज के अग्रज राजा दक्ष रहे है और उन्हें स्मरण करने सहित सामाजिक संगठन शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए जिला मुख्यालय पर भव्य चल समारोह निकाला जाता है जिसमें ना केवल शिवपुरी बल्कि जिले के दूर-दराज से भी समाज बन्धुओं से इस चल समारोह में शामिल होने को लेकर जनसंपर्क किया जाएगा। आगामी 17 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर राजा दक्ष प्रजापति का भव्य चल समारोह निकाला जाएगा इस पर सभी ने अपनी सहमति प्रदान की और समाज में जनसंपर्क करते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रजापति समाज को जोडने् के लिए प्रचार-प्रसार भी प्रारंभ कर दिया गया है। इस चल समारोह में एक ओर जहां राजा दक्ष प्रजापति रथ पर सवार होंगें तो वहीं धर्म की प्रभावना बढ़ाने के लिए धर्म गुरू, प्रजापति समाज की पहचान चका सहित समाज के बालक-बालिकाओं की झांकियां भी आकर्षण का स्वरूप रहेंगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रजापति समाज की बैठक में प्रजापति समाज के युवा कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और इस चल समारोह के लिए गांव-गांव ब शहर से समस्त समाज को इक्ट्ठा करने के साथ युवाओं को एक साथ इस संचलन में एकत्रित करने का निर्माण लिया गया। इस बैठक में जिले के समाज के वरिष्ठजन हरज्ञान प्रजापति, घमंडी, अमर सिंह, हरिचरण, डा.सूरज प्रजापति, रतनलाल, रवि प्रजापति, कल्याण प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, कोमलीया सोनपाल, कांशीराम, परसोत्तम,माखन,धरमू, सन्त राम,गोविंदी, मांगी लाल, जवाहर लाल, राम दास, रमेश, मांगी लाल, लालाराम, दामोदर,प्रजापति और समस्त प्रजापति समाज के जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक का सफल संचालन व आभार नवयुवा दाताराम प्रजापति के द्वारा व्यक्त किया गया एवं चल समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में अपनाया नया तरीका, स्वयं पहुंचे आवेदकों के पास

## आवेदकों से मौके पर ही लिए आवेदन, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश



**निज संवाददाता**

शिवपुरी। जनसुनवाई के दौरान आमतौर पर आवेदक कतार में खड़े होकर कलेक्टर को अपनी समस्याएं सौंपते हैं, लेकिन आज का जनसुनवाई कार्यक्रम कुछ अलग रहा। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने इस बार पारंपरिक व्यवस्था से हटकर एक नया तरीका अपनाया।उन्होंने कार्यालय कक्ष में बैठे रहने की बजाय स्वयं जनसुनवाई हेतु कतार में खड़े आवेदकों के पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। श्री चौधरी ने एक-एक कर सभी आवेदकों से आवेदन लिए और सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए। जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में जिले भर से आए 162 आवेदकों की समस्याएं सुनीं गई और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

# ग्राम सेपरा में हुआ कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

## मुख्य अतिथि रहे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित राजेश दुबे भोला महाराज ने प्रथम कुश्ती विजेता को दिये इक्कीस हजार की नगद राशि

**प्रमोद जैन जिला ब्यूरो**
**नवनीत एक्सप्रेस**

करेरा अनुभाग के ग्राम सेपरा में वाग के खाती बाबा पर कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन बीर परिहार कल्लू कुशवाह राजू पहलवान दारा सिंह पहलवान दतिया रेफरी की भूमिका फूल सिंह कुशवाह द्वारा की गई। जिसमें ग्रामीण अंचल सहित बाहर दतिया शिवपुरी भिंड ग्वालियर के पहलवान एकत्रित हुए ग्रामीण अंचल के पहलवानों की भी एक दर्जन के कुश्ती हुई जिसमें कुछ जीते तो कुछ बराबर हुए सभी को मुख्य अतिथि ने अपनी तरफ सभी पहलवानों को नगद रुपए देकर सभी का हौंसला बढ़ाया ।इसके बाद नीरज पंडित ग्वालियर बीरेंद्र सिंह पीतांबरा पीठ अखाड़ा दतिया पहलवान प्रथम बड़ी उपलब्धी कुश्ती हुई जिसमें दोनों की कुश्ती बराबर की रही दोनों पहलवानों को मुख्य अतिथि द्वारा ग्यारह ग्यारह हजार रूपये देकर हौंसला बढ़ाया ।मुख्य अतिथि के साथ मंचासीन रहे शशिवाला हरिशंकर परिहार पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंडित मुकेश शर्मा प्राचार्य पटेल हायर सेकेंड्री स्कूल पार्षद असलम खान चिक्कू भाई पंडित बिपिन शर्मा पंडित चंद्रशेखर शर्मा पंडित देवेंद्र शर्मा पंडित श्री प्रिंस दुबे पंडित अखिलेश दुबे प्रधान संपादक समाचार पत्र नये पन्ने दिलीप कुशवाह सहित आदि लोग उपस्थित रहे मुख्य अतिथि सहित सभी लोगों का फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया



# नपा ने चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान, मेडिकल कॉलेज से हटाई गई गुमठियां, 5 हजार का जुर्माना वसूला



**निज संवाददाता**

शिवपुरी। नगरपालिका ने सोमवार को शहर में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। एसडीएम और सीएमओ ने इस अभियान का निर्देशन किया। अतिक्रमण प्रभारी अशोक खरे के नेतृत्व में टीम ने कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया। श्रीलाल का बड़ा कुआं क्षेत्र, महावीर नगर गली और शिकारी चौक गली से अवैध कब्जे हटाए गए। माधव चौक चौराहे पर हाथ ठेले वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। नगरपालिका ने मेडिकल कॉलेज के सामने लगी गुमठियों को हटाने के निर्देश दिए। कॉलेज के पीछे प्रधानमंत्री आवास योजना के पास स्थित एक स्टॉल को हटाने के लिए एक दिन का समय दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में कुल 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। अतिक्रमण प्रभारी अशोक खरे ने कहा कि शहर को व्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा।

# मनोज निगम होंगे शिवपुरी के नए डीईओ आज संभालेंगे प्रभार

## बीआरसीसी, बीईओ सहित सहायक संचालक जैसे महत्वपूर्ण दायित्व संभाल चुके हैं निगम, आयुक्त लोकशिक्षण ने जारी किया आदेश

**निज संवाददाता**

शिवपुरी। शिवपुरी जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर भोपाल स्तर से शिवपुरी बीईओ मनोज निगम को प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से प्रभार दिया गया है। करीब एक महीने पहले 20 जून को तत्कालीन डीईओ समर सिंह राठौड़ का गुना स्थानांतरण होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त हो गया था और तत्समय कलेक्टर रवीन्द्र कुमार



चौधरी ने उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव को डीईओ का प्रभार सौंप दिया था। 21 जून को विवेक श्रीवास्तव ने डीईओ का प्रभार संभाला था, लेकिन ठीक एक महीने बाद 21 जुलाई की शाम भोपाल से आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने वर्तमान में शिवपुरी बीईओ मनोज निगम को डीईओ का प्रभार सौंप दिया है। निगम बुधवार की दोपहर कार्यभार ग्रहण करेंगे। बता दें कि मनोज निगम जिले के शिक्षा विभाग में कई महत्वपूर्ण पदों पर काबिज रहते हुए अपनी प्रशासकीय कार्यक्षमता सिद्ध कर चुके हैं। वे कोलारस व मुढैरी हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य के अलावा बदरवास, कोलारस व शिवपुरी बीईओ, पोहरी बीआरसीसी, सहायक संचालक सहित प्रदेश के एकमात्र फिजीकल कॉलेज में प्राचार्य के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। निगम को जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौंपने पर विभिन्न शिक्षक व कर्मचारी संगठनों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। जिसमें प्रमुख रूप से कर्मचारी नेता राजेन्द्र पिपलौदा, वत्सराज सिंह राठौड़, कौशल गौतम, नीरज सरैया, स्नेह सिंह रघुवंशी, पवन अवस्थी, तारिक सिद्धकी, अरविंद सरैया, इरशाद कुरेंशी, राजकुमार सरैया, विपिन पचौरी, महावीर मुदगल, कपिल पचौरी, भरत धाकड़, रामकृष्ण रघुवंशी, बृजेन्द्र भार्गव आदि शामिल हैं।

# विशेष जनजातीय बस्तियों में 64 नवीन आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत

## पीएम जनमन योजना के तहत शिवपुरी जिले में बनेंगे यह आंगनवाड़ी केन्द्र

**निज संवाददाता**

शिवपुरी। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन योजना) अंतर्गत शिवपुरी जिले की विशेष रूप से कमजोर जनजातियों (पीवीटीजीएस) की बसाहटों में 64 नवीन आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन एवं भवन निर्माण की स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गई है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा इन केंद्रों के संचालन हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर महिला एवं बाल विकास विभाग को आज मंगलवार से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।पीएम जनमन योजना के अंतर्गत यह स्वीकृति विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए प्रदान की गई है जहां विशेष जनजातीय समूह निवासरत हैं, जिससे बच्चों को पोषण, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जा सकें। जनवरी 2024 में जिले में 34 नवीन आंगनवाड़ी केंद्रों का शुभारंभ किया जा चुका है। अब नवीन 64 केंद्रों की स्वीकृति के साथ जिले में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या परियोजनावार स्वीकृत नवीन आंगनवाड़ी केंद्रकरैरा परियोजना अंतर्गत खदई, गतवाया, सलैया सड़क 2, नरवर परियोजना अंतर्गत, रामगढ़ा आदिवासी बस्ती,




वार्ड 01 नरवर, शिवपुरी ग्रामीण परियोजना अंतर्गत आदिवासी टपरा, बुधवारी, मामोनी कॉलोनी, फरम का पुरा, करमई, देवपुर, पोहरी परियोजना अंतर्गत दरगवां, हुसैनपुर, दौरानी, माधोपुर वार्ड 13, भोजपुर टपरा, डोभा, सड, मचाखुर्द, अहेरा, बूडदा जनमन कॉलोनी, गणेशखेड़ा, मेहरा, अमरकुई, ओखईपठा, बदरवास परियोजना अंतर्गत रन्नौद टोकनी, टामकी (पाथर), मुबारिकपुर, अम्हसास (मोहराई), शिवपुरी शहरी परियोजना अंतर्गत मनियर सहराना, मदकपुरा सेहराना, सर्किल जेल बडोदी, गौशाला टपरिया, पठारा लुधावली, करोंदी सहराना, खनियाधाना परियोजना अंतर्गत खिरकिट, रूपनवारो (खरगपुर), भरसूला (टोरिया), धरमपुरा, हुरी टपरियन, कंजवाहा (पत्थर), खैरोदा, पुरा (बरहब मंजरा), सिलारपुर (सिद्धपुरा), गुडर, नगरेला, मुहारी, बामौरकलां (बरईपुरा), पिछोर परियोजना अंतर्गत चौकीपुरा कछौआ, भडउपुरा पुनावली, डांडा तिजारपुर, बपावली (मुहार), मउकुडच्छा केन्द्र 2 एवं कोलारस परियोजना अंतर्गत धुआ सहराना, किशनपुर सहराना, गुड़ा सहराना, लिलवारा, दीगोध कंचनपुर, रेझा झब्बलपुर, टोरिया (रामपुरी चक्क), खेरोनाडांग (भरतपुर सहराना), बिजरावन (टेकीपुरा), रिझारी, चुरकमरौआ (कांसखेत) शामिल है।

# घर के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन के संपर्क में आने से युवक की दर्दनाक मौत

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो चीफअनिल कुमार हमीरपुर

मुस्करा ( हमीरपुर ) द्य घर के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन के संपर्क में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। कस्बा थाना क्षेत्र के ऐंझी गांव निवासी रामपाल राजपूत ने बताया कि उनका इकलौता बेटा संदीप 30 वर्ष अपने घर के बगल में दयाशंकर अनुरागी की छत पर से कोई सामान उठाने गया था। तभी छत के ऊपर से निकली 11000 हाई टेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। जिसके चलते वह करंट लगने से झुलस गया। पड़ोसियों की मदद से उसे सीएचसी मुस्करा लाए। जहां पर डॉ मनोज कुशवाहा ने मृत घोषित कर दिया। बताया कि संदीप उनका इकलौता चिराग था। और बताया कि संदीप अपने पीछे मां, पत्नी और ढाई वर्ष के छोटे बेटे को रोता बिलखता छोड़ गया है। संदीप की एक मानसिक विक्षिप्त बहन भी है। इन सभी का भार संदीप के कंधों पर था। वह खेती किसानी एवं मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना से परिवार सहित गांव में मातम छा गया। परिजनों ने विद्युत विभाग के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि छत के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन को हटाने के संबंध में कई बार विद्युत विभाग को लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया। लेकिन विद्युत विभाग के किसी अधिकारी के कान में जूं तक नहीं रेंगी। जिसका खामियाजा आज संदीप की मौत से पूरे परिवार को भुगतना पड़ा है। थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि उक्त मामले की सूचना प्राप्त हुई है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# न्यायालय से लौटते समय महिला पर डंडे से हमला

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो चीफअनिल कुमार हमीरपुर

हमीरपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के तहसील तिराहे पर मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति ने कोर्ट से बाहर निकलने के बाद एक महिला पर डंडे से हमला कर दिया। घायल महिला हिम्मत दिखाते हुए दौड़कर एसपी कार्यालय पहुंची, जहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया।
पुलिस के मुताबिक, मामला इंगोहटा गांव के मुनव्वर और रेखा का है, जिनके बीच लंबे समय से न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। सोमवार को दोनों पक्ष कोर्ट में पेशी पर आए थे।
घायल अवस्था में रेखा जान बचाते हुए पास ही स्थित एसपी ऑफिस की ओर भागी और वहां शरण ली। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। सोशल मीडिया सेल के माध्यम से पुलिस ने बताया कि घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की जांच चल रही है।

# अमृतसरोवर में नहाते समय युवक डूबा ,मौत

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो चीफअनिल कुमार हमीरपुर

बिवांर (हमीरपुर) द्य थाना क्षेत्र के छानी खुर्द गांव का रवि (20)पुत्र स्व0 बसन्त वर्मा गांव के अमृतसरोवर में नहाते समय डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई।मंगलवार सुबह लगभग नौ बजे छानी खुर्द गांव का रवि वर्मा गांव के पंचायतभवन के सामने बने अमृत सरोवर में नहाने गया था ,नहाते समय जिसका पैर सीढ़ी पर फिसल गया और गहराई में जा गिरा।ग्रामप्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि बताया कि युवक तैरना नहीं जानता था ,जिससे वह बाहर नहीं निकल सका।वहीं अमृत सरोवर किनारे बने मंदिर में गांव का दुलारे खंगार पूजा कर रहा था ,जब उसने देखा कि युवक काफी देर तक नहीं निकला तो उसने लोगों को बुलाया।जिसके बाद पड़ोस के ही कुछ लोगों ने उसे निकाला।तालाब से निकालने के बाद उसे छानी सीएचसी ले जाया गया ,लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि युवक बहुत ही मेधावी था जो लोदीपुर-निवादा के अभिनवप्रज्ञा महाविद्यालय का बीए प्रथम वर्ष का छात्र था।बताया कि युवक तीन भाइयों में मझला था।बताया कि युवक पिता की मौत हो चुकी है ,दादा जीवित है जिसके पास दस बीघा कृषि भूमि थी जो बेंचकर भूमिहीन हो चुके हैं ,परिवार का भरण-पोषण सब्जी बेंचकर करते हैं।थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि युवक के पिता ने आर्थिक तंगी और मानसिक बीमारी के चलते दो साल पहले आत्महत्या कर ली थी।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# चित्रकूध धाम से जल लेकर पहुंचे कांवडियों ने किया चौपरेश्वर महाराज का जलाभिषेक

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो चीफअनिल कुमार हमीरपुर

राठ (हमीरपुर)। चित्रकूट धाम से मंदाकिनी गंगा का जल लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की कांवड़ यात्रा ने नगर के ऐतिहासिक चौपरेश्वर महाराज का जलाभिषेक किया। करीब 180 किमी की दूरी तय करके सावन माह के द्वितीय सोमवार को चौपरेश्वर मंदिर पहुंचे 70-80 श्रद्धालुओं के दल ने जलभिषेक कर पूजन आदि किया। आज सावन माह के दूसरे सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं के आस्था के केंद्र नगर के प्रसिद्ध चौपरेश्वर महाराज का जलाभिषेक करीब 180 किमी दूरी पर स्थित चित्रकूट धाम की मंदाकिनी गंगा के जल से किया गया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के करीब 80 सदस्यों ने रविवार रात्रि 11 बजे चित्रकूट से राठ के लिए अपनी कांवड़ यात्रा प्रारम्भ की थी जो कस्बे में आज सोमवार को करीब 10 बजे पहुंची। यात्रा का मार्ग में प्रशासन ने पूरा सहयोग किया और चित्रकूट से अतर्रा, बांदा, मटौंध, कबरई, काकुन, खरेला, मुस्करा होते हुए कांवड़िया राठ कस्बा पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। यात्रा का संचालन बजरंग दल के नगर संयोजक सनी साहू ने किया। यात्रा में विकाश कश्यप, धर्मेन्द्र प्रजापति, रोहित, हर्ष ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, अंकित, जीतू शुक्ला, मोहित, शिवम्, अभि, अमन, लल्ला, दद्दू, लवकेश, प्रबल,देबू सहित बजरंग दल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। नगर आगमन पर विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री अजय हिंगवासिया, जिला संयोजक सचिन शर्मा, नगर मंत्री दीपेन्द्र, अवधेश पाठक आदि ने पुष्प् वर्षा कर कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया। इसके बाद भगवान चौपरेश्वर महाराज का जलाभिषेक किया गया।

# प्राथमिक विद्यालय बंडा के छात्र खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर

## गिर चुका है पुराना भवन, पूर्व प्रधान पर नया भवन न बनने देने का आरोप

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो चीफअनिल कुमार हमीरपुर



सुमेरपुर ( हमीरपुर )। विकास खंड सुमेरपुर की ग्राम पंचायत बंडा स्थित प्राथमिक विद्यालय के 123 छात्र इन दिनों खुले आसमान के नीचे पढ़ाई को मजबूर हैं। विद्यालय भवन के जर्जर होने पर उसे ध्वस्त तो कर दिया गया, लेकिन नया भवन अब तक नहीं बन सका है। बरसात के मौसम में बच्चों के लिए यह स्थिति बेहद जोखिमभरी हो गई है।छात्रों के अभिभावकों छोटे लाल धुरिया, मूलचंद धुरिया, देवी दीन वर्मा, महेश साहू, कामता प्रसाद, राम आसरे वर्मा, शंकर लाल यादव, पंकज तिवारी, रामपाल व अरुण कुमार गुप्ता आदि ने बताया कि विद्यालय भवन टूटने के बाद बच्चों के बैठने के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं है। बरसात के चलते बच्चे भीगते हैं और पढ़ाई बाधित हो रही है। अभिभावकों ने आशंका जताई कि खुले वातावरण में पढ़ाई करते समय कोई अप्रिय घटना भी घट सकती है।इस बीच ग्राम पंचायत की महिला प्रधान गीता सिंह पत्नी महेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर पूर्व प्रधान संजय सिंह पर विद्यालय निर्माण में अड़चन डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संजय सिंह विद्यालय की जमीन को अपनी पुश्तैनी भूमि बताते हुए निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, जबकि पिछले तीस वर्षों से वहां प्राथमिक विद्यालय संचालित हो रहा है।अब देखना यह है कि मामले की जांच पड़ताल कब होगी पूरी होती है और विद्यालय भवन के निर्माण का रास्ता कब साफ होता है। फिलहाल बच्चे और उनके अभिभावक चिंतित हैं और सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण में शिक्षा की मांग कर रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी व शिक्षा विभाग से विद्यालय भवन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

# ध्रुव गुर्जर ने शानदार प्रदर्शन कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया।

नवनीत एक्सप्रेस रिपोर्टर उत्तम दीक्षित धौलपुर राजस्थान



धौलपुर राजस्थान । राजस्थान के धौलपुर जिले से सटे सैंया क्षेत्र के रजपुरा गांव के होनहार युवा पॉवर लिफ्टर ध्रुव गुर्जर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और हौसले के सामने कोई लक्ष्य दूर नहीं होता।पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में जातियो वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग चौंपियनशिप में ध्रुव गुर्जर ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए 105 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया,मैनेजर संजीव चीनिया के मुताबिक, ध्रुव गुर्जर ने शानदार प्रदर्शन कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया है,अब ध्रुव गुर्जर की मेहनत और परफॉर्मेंस को देखते हुए उनका चयन नेपाल में होने वाली एशियन चौंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।ध्रुव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारतीय मजदूर संघ आशा कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रदेश सह प्रभारी महेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में धौलपुर में दुर्गा कॉलोनी में गुर्जर समाज और खेलप्रेमियों ने भव्य स्वागत सम्मान किया। इस सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में युवा और समाज के लोग उपस्थित रहे।सभी ने ध्रुव के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नेपाल में भारत का प्रतिनिधित्व करते देखने की उम्मीद जताई।ध्रुव गुर्जर जैसे खिलाड़ी ना केवल खेल जगत का मान बढ़ा रहे हैं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बनकर उभर रहे हैं। इस मौके पर ए एस आई अतर सिंह कंसाना, आर ए सी हवलदार राजवीर बैसला,रामनाथ सिंह फौजी, नरेंद्र कंसाना , हिमांशु पटेल, सुनील कंसाना, रोहित कंसाना, सुरेंद्र सिंह अध्यापक सहित काफी संख्या में युवा एवं गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहे।

# आज दिनांक 22 जुलाई 2025 को गढ़ रोड स्थित राधा गोविंद मंडप में



आगामी 24 जुलाई 2025 से श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर मनोज गुप्ता द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । राधा गोविंद मंडप एवं ला फ्लोरा रिजॉर्ट के निदेशक मनोज गुप्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार 24 जुलाई 2025 से बुधवार 30 जुलाई 2025 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन गढ़ रोड स्थित राधा गोविंद मंडप में किया जाएगा । दिनांक 24 जुलाई को सायं 3बजे राधा गोविंद मंडप से कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। श्रीमद् भागवत कथा अनन्त श्री विभूति श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर परम पूज्य स्वामी श्री अभयानंद सरस्वती जी महाराज अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति उत्तर प्रदेश के श्रीमुख से अपराह्न 3रू00 बजे से 5रू30 तक होगा, तत्पश्चात बृहस्पतिवार 31 जुलाई 2025 को सायं 5रू30 बजे से हरि इच्छा तक परम श्रद्धेय गोस्वामी तुलसीदास जयंती के उपलक्ष पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा तथा उसके उपरांत प्रसाद भोग एवं सहभोज की व्यवस्था सभी श्रद्धालुओं के लिए की गयी है। उन्होंने मेरठ के सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया कि वह अपने इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रधार कर इस दुर्लभ सुअवसर का आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें । इस अवसर पर आरके प्रसाद, मयंक अग्रवाल , अंबुज गुप्ता, विपुल सिंघल, गोविंद अग्रवाल प्रवीन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# गौशाला में गौवंश की मृत्यु का मामला चिंताजनक है। यदि स्वास्थ्य अधिकारी को दोषी ठहराया

मेरठ गौशाला में गौवंश की मृत्यु का मामला चिंताजनक है। यदि स्वास्थ्य अधिकारी को दोषी ठहराया गया है, तो यह आवश्यक है कि जिम्मेदारी का सही निर्धारण हो। नगर आयुक्त और मेयर जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की भी सामूहिक जवाबदेही बनती है, क्योंकि गौशाला का प्रबंधन एक बहु-स्तरीय प्रशासनिक प्रक्रिया है।
इस संदर्भ में मंडलायुक्त महोदय से अपेक्षा है कि वह अपनी अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय जाँच समिति गठित करें , जिसमें पशु चिकित्सा विशेषज्ञ, प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हों, ताकि व्यवस्था में खामियों का पता लगाया जा सके।नगर निगम व राज्य सरकार द्वारा गौशाला के लिए आवंटित विशेष बजट जिससे चारा, स्वच्छ पानी, चिकित्सा सुविधाएँ और साफ-सफाई पर खर्च धनराशि की गहनता से जांच हो।भविष्य में गौशाला के नियमित निरीक्षण की व्यवस्था हो, जिसमें पशुधन सस्थ्य, भोजन की गुणवत्ता और आवास की स्थिति की मॉनिटरिंग की जाए। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (च्च्च) बढ़ाई जाए, जिसमें स्थानीय समाजसेवी संगठन, धार्मिक संस्थाएँ और कॉर्पोरेट ब्त् गौशाला प्रबंधन में सहयोग करें । आधुनिक तकनीक का उपयोग करें, जैसे डिजिटल हेल्थ मॉनिटरिंग (त्थ्प्क् टैगिंग या बायोमेट्रिक डेटा से गायों के स्वास्थ्य पर नज़र रखी जा सकती है)। जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें स्थानीय नागरिकों को गौशाला में स्वयंसेवा, दान या गोद लेने के लिए प्रेरित किया जाए।मंडलायुक्त सुनिश्चित करें कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम (च्ब्। ।बज, 1960) और राज्य स्तरीय नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए।केवल एक अधिकारी को दोषी ठहराने से समस्या का समाधान नहीं होगा। सिस्टमैटिक सुधार, पारदर्शिता और सामुदायिक भागीदारी से ही गौवंश की सुरक्षा संभव है। यदि प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो जनहित याचिका (च्प्स्) दायर करके न्यायालय से हस्तक्षेप भी माँगा जा सकता है।

# जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला की उपस्थिति में जनपद के व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ मासिक समीक्षा बैठक



दैनिक नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो चीफअनिल कुमार हमीरपुर

हमीरपुर द्य जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला की उपस्थिति में जनपद के व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग न रखा जाए तथा नियमानुसार स्वीकृत कर समय से निस्तारित किया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात की गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैंकों द्वारा उद्योगों की स्थापना हेतु ऋण सुगमता से उपलब्ध कराये जाएं। व्यापार बंधुओ की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के व्यापारी बंधुओं की बिजली, पानी, अतिक्रमण, जामिंग, मण्डी स्थलों की साफ-सफाई, नगर क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था, जीएसटी भुगतान आदि से संबंधित समस्याएं सुनीं गयीं। साथ ही समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जीएसटी रिटर्न भरने एवं नये रजिस्ट्रेशन में आने वाली समस्याओं तथा व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 विजय शंकर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, उपजिलाधिकारी राठ अभिमन्यु कुमार, उपायुक्त उद्योग रवि वर्मा, उपायुक्त वाणिज्य कर सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी तथा उद्यमी एवं व्यापारी बन्धु मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-ट के अंतर्गत जनपद पुलिस की कार्यशाला

दैनिक नवनीत एक्सप्रेस ब्यूरो चीफअनिल कुमार हमीरपुर



हमीरपुर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति फेज-ट के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों/ मिशन शक्ति टीम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है । इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया । महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई । महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई ।
??????

# एक पेड़ माँ के नाम



नवनीत एक्स्प्रेस/हर्षित दुबे

विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरार में प्राचार्य डॉ ज्योति उपाध्याय के मार्गदर्शन में श्एक पेड़ माँ के नामश् अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय परिसर में चार पेड़ लगाए गए। इस अभियान को सार्थक रूप प्रदान करने हेतु मुख्य अतिथि के रूप भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश रजौरिया एवं कार्यकर्त्ता विनोद शर्मा उपस्थित हुए।'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत महाविद्यालय में पाम का पौधा, कदम का पेड़, चंदन एवं चीकू के पेड़ों का रोपण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष रजौरिया जी ने छात्राओं से कहा कि हर पेड़ हमारी माँ के बराबर है और माँ की रक्षा हमारा नैतिक कर्तव्य है, इसलिए इन पेड़ों की रक्षा की जिम्मेदारी तुम्हारी है। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ ज्योति उपाध्याय ने बताया कि पेड़ों से पर्यावरण है और पर्यावरण से हम। सभी छात्राएं संकल्प लें कि अपने अपने घरों के आस पास पेड़ जरूर लगाएंगी। उक्त कार्यक्रम में रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ संगीता सिंह एवं डॉ अर्चना शर्मा एवं इको क्लब प्रभारी डॉ अंजू शर्मा उपस्थित रहीं। साथ ही महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में रासेयो की स्वयं सेविकायें एवं अन्य छात्राएँ उपस्थित रहीं

# पर्दे के पीछे बड़ी राजनीति चल रही, सितंबर में कुछ बड़ा होने वाला है... धनखड़ के इस्तीफे पर बोले संजय राउत

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर संदेह जताया और पर्दे के पीछे राजनीति का आरोप लगाया। आज राष्ट्रीय राजधानी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राउत ने कहा कि धनखड़ का इस्तीफा कोई साधारण घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि पर्दे के पीछे बड़ी राजनीति चल रही है, और इसका जल्द ही खुलासा होगा। उपराष्ट्रपति का इस्तीफा कोई साधारण घटना नहीं है।उपराष्ट्रपति ने अपने इस्तीफे के लिए स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया। राउत ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यह सच है। राउत ने कहा कि मैं यह मानने को तैयार नहीं हूँ कि यह स्वास्थ्य के कारण है। मैं कल उनका निरीक्षण कर रहा था। वह ठीक हैं। उन्होंने आगे कहा, ष्कुछ तो चल रहा है, और हमें जल्द ही पता चल जाएगा। बहुत कुछ हो सकता हैकृबस देखते रहिए, सितंबर में कुछ बड़ा होने वाला है।ष् शिवसेना (यूबीटी) नेता ने राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा पर राज्यसभा अध्यक्ष धनखड़ का कथित रूप से अनादर करने का आरोप लगाया।उन्होंने दावा किया कि कल ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर जब खड़गे बोल रहे थे, तो उनका माइक म्यूट कर दिया गया था। आप जो कह रहे हैं वह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। यह बात राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने नहीं, बल्कि सदन के नेता ने कही थी। यह एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का अनादर है। इससे पहले आज, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की परिस्थितियों पर स्पष्टीकरण मांगा और कहा कि यह फैसला ष्एक रहस्य में लिपटा हुआष् है।एएनआई से बात करते हुए, तिवारी ने दावा किया कि राज्यसभा के सभापति का इस्तीफा एक पहेली बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, मैं भारत के उपराष्ट्रपति के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ।

कविता

# तेरी मेरी कहानी

चाँदनी रात में चाँदनी मुस्कुरा रही थी
पायल पहन खूब इतरा रही थी  चाँदनी रात में चाँदनी मुस्कुरा रही थी
पायल पहन खूब इतरा रही थी
चाँद को आज बुलाया था मित्रों ने
चाँदनी नए लिवास में मस्त छा रही थीं

चाँद की राह तकती जा रही थी
बादलों संग चाँद सैर पर चला था
कदाचित चाँदनी को भूल गया था

चाँदनी को अब गुस्सा आ रहा था
चमकता चेहरा मुरझा सा गया था

अब न करेगी प्रतीक्षा.. सोच सोच क्रोध आ गया था
सोने के लिए मन को मना लिया था

फिर भी नींद का पहर बीता जा रहा था

अचनक चाँद को याद आ गया था
उल्टे पाँव तभी भाग उठा था

देख क्रोधित चाँदनी को चाँद मुस्कुरा रहा था
पायल की तारीफ़ किए जा रहा था
न मानी चाँदनी, तो भी चाँद समझाए जा रहा था
तुम और हम अलग कहाँ प्रिये!

देखो हमारी कहानी के किस्से जग सुना रहा था
नाराजगी छोड़ो चलो लिखें, तेरी मेरी कहानी

सुन चाँदनी का चेहरा खिल रहा था
अब वही हँसी होठों पर आ रही थीं

चाँदनी रात में चाँदनी मुस्कुरा रही थी
पायल पहन खूब इतरा रही थी



**वंदना घनश्याला की कलम से**

# भारत में भ्रष्टाचार आतंकवाद हत्या इत्यादि अपराधों में प्रॉसीक्यूशन द्वारा सजा दिलाने का प्रतिशत बहुत कम होना सोचनीय?



मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस 2006-ट्रायल कोर्ट से दोषी ठहराए सभी 12 लोगों को हाईकोर्ट ने आरोपों से बरी किया-फिर दोषी कौन?प्रॉसीक्यूशन पर उठे सवाल? भारत में प्रॉसीक्यूशन पक्ष की सफलताओं को प्रभावित करने में राजनीतिक हस्तक्षेप,भ्रष्टाचार गवाहों का डर इत्यादि कारकों का संज्ञान लेना ज़रूरी- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में भारतीय संवैधानिक संस्थाएं जैसे निर्वाचन आयोग न्यायपालिका इत्यादि की प्रतिष्ठा बनी हुई है,परंतु कुछ की परिस्थितिजन्य स्थितियों के कारण कम है, स्वाभाविक रूप से हम जानते हैं कि अंदरखाने भ्रष्टाचार राजनीतिक हस्तक्षेप डिपार्टमेंट की आपसी जबरदस्त मिलीभगत न्यायपालिका में प्रॉसीक्यूशन को प्रभावित कर असफलता के घेरे में लाकर खड़ा कर देती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र, मानता हूं कि यदि भ्रष्टाचार के केस में पटवारी या बाबू से लेकर अधिकारी तक फसता है तो मैं प्रैक्टिकल देखा हूं कि भ्रष्टाचार का आरोपी कुछ समय निर्लंबित रहने के बाद ड्यूटी पर वापस ज्वाइन हो जाता है फिर लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद बरी भी हो जाता है,इसमें पूरी चैनल की मिली भगत हो सकती है जो हमें प्रत्यक्ष रूप से पता नहीं चलता, परंतु इसका एक अपवाद यह भी है कि किसी हाई प्रोफाइल केस में कोई हाथ नहीं डालता, बल्कि कुछ कानूनी लीकेज का फायदा बचावपक्ष उठकर फिर प्रॉसीक्यूशन को पटकनीं दे देता है आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 21 जुलाई 2025 को माननीय बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट के ट्रायलकोर्ट से दोषी ठहराए गए 12 लोगों को आरोपों से बरी कर दिया,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत में प्रॉसीक्यूशन पक्ष की सफलताओं को प्रभावित करने में राजनीतिक हस्तक्षेप भ्रष्टाचार गवाह को डराना इत्यादि कारकों का संज्ञान लेना जरूरी है। साथियों बात अगर हम सोमवार दिनांक 21 जुलाई 2025 को बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले की करें तो,2006 में हुए मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस में बॉम्बे हाई कोर्ट ने आज ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सभी दोषियों को बरी कर दिया है।हाईकोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपने आरोप साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा और यह विश्वास करना मुश्किल है कि आरोपियों ने ही यह अपराध किया हो, इस मामले में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की ओर से दोषी ठहराए गए 12 में से 11 आरोपियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया है, जबकि एक आरोपी की अपील लंबित रहने के दौरान मृत्यु हो गई थी।2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस—11 जुलाई 2006—7 बम धमाके मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए, 187 लोगों की मौत, 824 घायल,जुलाई-अगस्त 2006—13 लोगों की गिरफ्तारी,30 नवंबर 2006— 30 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, जिनमें 13 पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल 2007— ट्रायल शुरू,सितंबर 2015—12 लोगों को दोषी ठहराया गया, 5 को फांसी, 7 को उम्रकैद,2024— हाई कोर्ट ने केस की सुनवाई शुरू की,21 जुलाई 2025— सभी 11 आरोपी बरी, हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है।अगर वे किसी दूसरे मामले में वांटेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए।कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार शाम 12 में से दो आरोपियों को नागपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया।11जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फर्स्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है।हाईकोर्ट के फैसले के बाद आगे क्या 3 पॉइंट—(1) सुप्रीम कोर्ट के वकील आशीष पांडे बताते हैं, %बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा सकती है।%(2)भारत के संविधान के अनुच्छेद 136 में प्रावधान है कि सुप्रीम कोर्ट में किसी भी हाईकोर्ट या अन्य कोर्ट के फैसले के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर की जा सकती है।(3)याचिका मंजूर हुई तो फिर इस पर सुनवाई होगी। बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के आधारों की जांच होगी और फिर फैसला सुनाया जाएगा। इसमें लंबा वक्त लग सकता है। साथियों बात अगर हम स्पेशल मकोका कोर्ट के फैसले की करें तो, 2006 में 13 आरोपी पकड़े गए थे, 5 को फांसी की सजा, एक बरी हुआ।करीब 9 साल तक केस चलने के बाद स्पेशल मकोका कोर्ट ने 11 सितंबर 2015 को फैसला सुनाया था। कोर्ट ने 13 आरोपियों में से 5 दोषियों को फांसी की सजा, 7 को उम्रकैद की सजा और एक आरोपी को बरी कर दिया था।2016 में आरोपियों ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया, 9 साल केस चला2019 में बॉम्बेहाईकोर्ट ने अपीलों पर सुनवाई शुरू की। अदालत ने कहा कि इस मामले में विस्तृत दलीलें और रिकॉर्ड की समीक्षा की जाएगी। 2023 से 2024 तक हाईकोर्ट में मामला लंबित रहा, सुनवाई टुकड़ों में होती रही। 2025 में हाईकोर्ट ने सभी 12 आरोपियों को बरी किया। साथियों बात अगर हम प्रॉसीक्यूशन की चुनौतियों की करें तो,भारतीय अदालतों में, अभियोजन पक्ष (प्रॉसिक्यूशन) द्वारा अपराधियों को सजा दिलाना एक जटिल प्रक्रिया है और कई कारक हैं जो इस प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। सजा दर कम होने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें साक्ष्य की कमी, गवाहों की अनिच्छा, या कानूनी प्रक्रियाओं में देरी शामिल हैं। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सजा की दर एक जटिल मुद्दा है और इसमें सुधार के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। यहां कुछ कारण दिए गए हैं कि क्यों भारतीय अदालतों में अपराधियों को सजा दिलाना मुश्किल हो सकता है—(1) साक्ष्य की कमी—अपराधों को साबित करने के लिए पर्याप्त और ठोस सबूतों की आवश्यकता होती है। यदि अभियोजन पक्ष पर्याप्त सबूत पेश करने में विफल रहता है, तो अपराधी को बरी किया जा सकता है। (2) गवाहों की अनिच्छा— कई बार गवाह डर के मारे या किसी अन्य कारण से गवाही देने से हिचकिचाते हैं। इससे अभियोजन पक्ष के लिए मामले को साबित करना मुश्किल हो जाता है। (3) कानूनी प्रक्रियाओं में देरी—भारतीय अदालतों में मुकदमेबाजी में अक्सर देरी होती है। यह देरी साक्ष्य को कमजोर कर सकती है और गवाहों को प्रभावित कर सकती है, जिससे अभियोजन पक्ष के लिए मामले को जीतना मुश्किल हो जाता है। (4) अपर्याप्त कानूनी सहायता—कुछ मामलों में, आरोपी के पास एक मजबूत कानूनी टीम नहीं होती है, जो उसे प्रभावी ढंग से बचाव कर सके। इससे अभियोजन पक्ष के लिए मामले को जीतना आसान हो जाता है।इन कारकों के अलावा,भ्रष्टाचार,राजनीतिक हस्तक्षेप,और अदालतों में अपर्याप्त संसाधनों जैसे अन्य कारक भी हैं जो अभियोजन पक्ष की सफलता को प्रभावित कर सकते हैं। भारतीय अदालतों में सजा दर में सुधार के लिए सरकार और अन्य हितधारकों द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों में शामिल हैं (1) कानूनों और प्रक्रियाओं में सुधार—सरकार कानूनों और प्रक्रियाओं में सुधार कर रही है ताकि अभियोजन पक्ष को अधिक प्रभावी ढंग से काम करने में मदद मिल सके।(2)अदालतों में संसाधनों में वृद्धि—अदालतों में अधिक संसाधनों को आवंटित करके,सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि मुकदमेबाजी में देरी कम हो।(3) जागरूकता बढ़ाना—सरकार और अन्य हितधारक जनता को कानूनी प्रक्रियाओं और अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए काम कर रहे हैं।इन प्रयासों के बावजूद, भारतीय अदालतों में सजा दर में सुधार करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अपराधियों को सजा मिले, निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस 2006-ट्रायल कोर्ट से दोषी ठहराए सभी 12 लोगों को हाईकोर्ट ने आरोपों से बरी किया-फिर दोषी कौन?प्रॉसीक्यूशन पर उठे सवाल?भारत में भ्रष्टाचार आतंकवाद हत्या इत्यादि अपराधों में प्रॉसीक्यूशन द्वारा सजा दिलाने का प्रतिशत बहुत कम होना सोचनीय?भारत में प्रॉसीक्यूशन पक्ष की सफलताओं को प्रभावित करने में राजनीतिक हस्तक्षेप,भ्रष्टाचार,गवाहों का डर इत्यादि कारकों का संज्ञान लेना ज़रूरी है।–

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया**

# धर्म, संस्कृति, परंपरा व सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम

कांवड़ यात्रा एक कठिन तपस्या भी है, जिसमें भक्त पवित्र नदियों से जल लेकर के भगवान शिव को चढ़ाते हैं। पवित्र नदियों का जल लेकर के भगवान शिव पर जल चढ़ाने की प्रथा सदियों से चली आ रही है। यहां तक की हमारे पुराणों और ग्रंथों में भी कांवड़ यात्रा से संबंधित तथ्य मिलते हैं। पवित्र श्रावण मास चल रहा है, इस मास में देश के विभिन्न हिस्सों में शिवभक्त देवाधिदेव भगवान महादेव के ऊपर पवित्र नदियों का जल चढ़ाने के लिए सदियों से कांवड़ लेकर आते हैं। हालांकि कुछ लोगों के मन में यह प्रश्न उठता रहता है कि आखिर यह कांवड़ यात्रा क्या है, उन्होंने बेहद सरल शब्दों में यह समझना चाहिए कि कांवड़ यात्रा सनातन धर्मियों की केवल आस्था का ही नहीं बल्कि हमारे प्यारे देश भारत की समृद्धशाली धर्म-सांस्कृतिक, प्राचीन परंपरा और विरासत का एक अद्भुत प्रतीक है। वैसे भी सनातन धर्म-संस्कृति में पवित्र श्रावण मास की शिवरात्रि को



देवाधिदेव भगवान महादेव की आराधना के लिए सबसे श्रेष्ठ दिन माना जाता है। इसलिए शिव भक्तों के द्वारा श्रावण मास की शिवरात्रि को भगवान शिव की पूजा-अर्चना करके कांवड़ से लाये पवित्र जल के माध्यम से जलाभिषेक करके इसको एक भव्य महापर्व के रूप में मनाया जाता है। हालांकि पूरे श्रावण मास में ही भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्त दूर-दूर से पवित्र नदियों खासतौर पर गंगा के जल को सनातन धर्म की बेहद प्राचीन धर्म-संस्कृति व परंपराओं के अनुसार लाकर भगवान शिव के शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। देश-दुनिया में पवित्र नदियों के जल को शिव भक्तों के कंधे पर बांस की बनी कांवड़ के दोनों सिरों पर लटके हुए कलश में लेकर के आने की इस अद्भुत यात्रा को ही कांवड़ यात्रा कहते हैं। सदियों के बाद आज के दौर में शिव भक्त हर वर्ष तरह-तरह की कांवड़ लेकर आते हैं, जो लोगों को आकर्षित करने का कार्य करती हैं। कांवड़ यात्रा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना का एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र ही नहीं है, बल्कि यह यात्रा प्राचीन धर्म-संस्कृति, परंपराओं व सामाजिक समरसता का एक विशाल अद्भुत संगम है। भगवान शिव के आशिर्वाद से हर वर्ष ही कांवड़ यात्रा से जहां एक तरफ तो लाखों लोगों को रोजगार मिलने से उनका परिवार पलता है, वहीं दूसरी तरफ यह भगवान शिव की पूजा-अर्चना करके उन्हें खुश करने का एक बड़ा अवसर भक्तों को मिलता है। कांवड़ यात्रा लोगों को एक जुट रहकर के जल की एक-एक बूंद की अहमियत को बताते हुए प्रकृति की पूजा के बारे में बताती है, **– ललित गर्ग**



आस्था

श्रावण माह के कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि दिन बुधवार

# 8 KM की रफ्तार 1500 KM मार भारत की सबसे घातक Hypersonic Missile तैयार

हम आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियारों को आधुनिक युद्ध का 'गेम चेंजर' कहा जाता है। अमेरिका, रूस और चीन इस तकनीक में अग्रणी हैं। रूस ने 2022 में यूक्रेन युद्ध में 'किंझाल' मिसाइल का उपयोग कर इस क्षमता का प्रदर्शन किया था। भारत ने हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण कर अमेरिका, रूस और चीन जैसी वैश्विक शक्तियों वाले हाइपरसोनिक क्लब में प्रवेश हासिल कर लिया है। हम आपको बता दें कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के माध्यम से मिसाइल तकनीक के क्षेत्र में भारत ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। छ्रत्र्छ्ह ने 'एक्सटेंडेड ट्राजेक्टरी लॉन्ग ड्यूरेशन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल नामक देश की सबसे उन्नत मिसाइल प्रणाली विकसित की है। यह न केवल भारत की वर्तमान मिसाइल प्रणाली जैसे ब्रह्मोस, अग्नि-5 और आकाश को पीछे छोड़ती है, बल्कि आधुनिक युद्ध की परिभाषा ही बदल सकती है। हम आपको बता दें के गोपनीय प्रोजेक्ट 'विष्णु' के तहत विकसित किया गया है। यह मिसाइल 8 (आवाज की गति से आठ गुना अधिक) की रफ्तार से उड़ सकती है और 1,500 किलोमीटर तक सटीक वार करने में सक्षम है। यह ब्रह्मोस के मुकाबले तीन गुना अधिक दूरी और तीन गुना अधिक रफ्तार वाली प्रणाली है। इसकी मुख्य विशेषताओं की बात करें तो आपको बता दें कि पारंपरिक इंजनों के विपरीत यह इंजन वायुमंडलीय ऑक्सीजन का उपयोग करता है, जिससे यह लंबी दूरी तक लगातार हाइपरसोनिक गति बनाए रख सकता है। यह 1,000 से 2,000 किलोग्राम तक के पारंपरिक या परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। साथ ही यह रडार से बचने और दुश्मन की रक्षा प्रणाली को भेदने में सहायक है। इसे भूमि, समुद्र और वायु तीनों स्थानों से दागा जा सकता है। इसके टारगेट्स की बात करें तो आपको बता दें कि दुश्मन के कमांड सेंटर, रडार सिस्टम, नौसेना के बेड़े और भूमिगत बंकर को यह आसानी से निशाना बना सकता है। हम आपको बता दें कि eurasiantimes.com की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत नामक जो मिसाइल बना रहा है उसकी सबसे खास बात उसका इंजन है जिसे स्क्रैमजेट कहते हैं। यह मिसाइल करीब 8 मैक यानी लगभग 11,000 किलोमीटर की रफ्तार से दुश्मन पर कहर बनकर टूटती है। भविष्य के युद्धों के लिए तैयार होती भारतीय सेना क्या होता है हाइपरसोनिक हथियार यदि इसकी बात करें तो आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियार वे होते हैं जो रूड्डष्द्ध 5 (आवाज की गति से पांच गुना अधिक) से तेज गति से उड़ सकते हैं। ये पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइलों से अलग होते हैं क्योंकि ये अपनी उड़ान के दौरान दिशा बदल सकते हैं, जिससे इन्हें पकड़ना और रोकना अत्यंत कठिन होता है। इसके मुख्य रूप से दो प्रकार होते हैं- हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल ख्र॥ष्टरू



इसी श्रेणी में आता है। हम आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियारों को आधुनिक युद्ध का 'गेम चेंजर' कहा जाता है। अमेरिका, रूस और चीन इस तकनीक में अग्रणी हैं। रूस ने 2022 में यूक्रेन युद्ध में 'किंझाल' मिसाइल का उपयोग कर इस क्षमता का प्रदर्शन किया था। अमेरिका लॉकहीड मार्टिन के जरिए इस दिशा में कार्य कर रहा है। फ्रांस, जर्मनी, जापान, इजराइल और ऑस्ट्रेलिया भी इस दौड़ में शामिल हैं। यह बात भी काबिलेगौर है कि भारत का यह परीक्षण ऐसे समय हुआ है जब दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव अपने चरम पर है। हम आपको बता दें कि हाइपरसोनिक हथियारों के विकास में सबसे बड़ी चुनौती अत्यधिक गति के कारण उत्पन्न 2000 डिग्री सेल्सियस तक की गर्मी को सहने की होती है। इसके लिए छ्रत्र्छ्ह ने हीट रेसिस्टेंट मटेरियल और कार्बन कॉम्पोजिट्स का प्रयोग किया है। दूसरी चुनौती रियल टाइम नेविगेशन और संचार की है, जिसे भारत ने स्वदेशी तकनीक से हल किया है। जहां तक बात है तो आपको बता दें कि इसके तहत छ्रत्र्छ्ह 12 अलग-अलग हाइपरसोनिक सिस्टम विकसित कर रहा है, जिनमें आक्रमणकारी मिसाइल और इंटरसेप्टर दोनों शामिल हैं। नवंबर 2024 में इस प्रोजेक्ट के तहत स्क्रैमजेट इंजन का पहला सफल परीक्षण हुआ था। इस प्रोजेक्ट की पहली बड़ी सफलता है। महत्वपूर्ण बात यह कि इस मिसाइल का पूरा निर्माण भारत में हुआ है और वह भी रूस्ल्श्च और निजी रक्षा कंपनियों के सहयोग से। इससे न केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय रोजगार और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। रक्षा विशेषज्ञों का आकलन है कि दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन बदलने में सक्षम है। यह चीन के इंडो-पैसिफिक प्रभुत्व और पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की क्षमता को और मजबूत करेगा। यह मिसाइल रूस के 500 या इजराइल के जैसी अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों को भी चुनौती दे सकती है। देखा जाये तो इस सफल परीक्षण ने भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे हाइपरसोनिक मिसाइल क्षमता वाले देशों की कतार में खड़ा कर दिया है। यह केवल एक मिसाइल नहीं बल्कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रभाव का प्रतीक है। भविष्य में इस तकनीक के आधार पर भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी बड़ी शक्ति बन सकता है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत के मिसाइल कार्यक्रम की शुरुआत का जब भी जिक्र होता है, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का नाम सबसे पहले स्मृति में आ जाता है। 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' के रूप में प्रसिद्ध डॉ. कलाम ने भारत को मिसाइल तकनीक में आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था, जिसमें बैलिस्टिक, क्रूज और भविष्य में हाइपरसोनिक तकनीक भी शामिल थी। आज जब भारत ने हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली में बड़ी उपलब्धि हासिल की है, तो यह केवल एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि अब्दुल कलाम के उसी सपने का विस्तार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस क्षेत्र को राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक सामरिक संतुलन के लिहाज से सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। हम आपको बता दें कि डॉ. कलाम का सपना था कि भारत अपने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने और तकनीक आधारित प्रतिरोधक क्षमता हमारे देश की नीति का अभिन्न हिस्सा हो। उन्होंने अग्नि और पृथ्वी जैसी मिसाइलों के ज़रिए भारत को सामरिक क्षमता दी, लेकिन उनके विजन में अगला कदम था। हाइपरसोनिक स्पीड, सटीकता और आधुनिक युद्धक्षमता वाली मिसाइलें। कलाम मानते थे कि अगली सदी के युद्ध सिर्फ हथियारों की संख्या से नहीं, रफ्तार, तकनीक और चुपकेपन से तय होंगे। इसलिए उन्होंने स्क्रैमजेट इंजन, हाइपरसोनिक फ्लाइट और उन्नत रडार-प्रूफ सिस्टम के अनुसंधान पर बल दिया था। वह कहते थे कि - ÷स्श्चद्गद्गस्र द्बह्य श्च्श2द्गह्ल द्बठ्ठ द्बहृह्वद्गद्ध 2इह्द्धइह्द्ग, इठ्ठस्र द्वठ्ठस्रद्बइ द्बह्यह्व ठ्ठद्ग1द्गह्ल ग्रड्डद्द इ्द्गद्धद्बठ्ठस्र.÷ हम आपको बता दें कि छ्रत्र्छ्ह में रहते हुए डॉ. कलाम ने इस दिशा में हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी डेमोंस्ट्रेटर व्हीकल (॥स्ञ्ज्छ्ठ्ठ) जैसे शुरुआती प्रयासों की नींव रखी थी। प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता में क्यों है हाइपरसोनिक मिसाइल? यदि इसकी बात करें तो आपको बता दें कि आज भारत की सीमाएं सिर्फ पारंपरिक युद्ध के खतरे से नहीं, बल्कि चीन की आक्रामक नीति, पाकिस्तान के परमाणु ब्लैकमेल और इंडो-पैसिफिक में अमेरिका-चीन संघर्ष के बीच सामरिक दबाव में हैं। हाइपरसोनिक मिसाइलें भारत को %सिक्योर स्ट्राइक% और %रैपिड रिटैलिएशन% की क्षमता देती हैं– चाहे पाकिस्तान हो या दक्षिण चीन सागर। इसके अलावा, भारत की न्यूनतम प्रतिरोधक नीति के तहत हाइपरसोनिक मिसाइलें उसकी सेकंड स्ट्राइक क्षमता को अजेय बनाती हैं। चीन के ष्ठस्न-17, रूस के ,1इठ्ठद्दड्डह्म्स्र और अमेरिका के स्ृक्च्ड्ड के मुकाबले भारत का श्वञ्ज-ख्र॥ष्टरू या ॥स्ञ्ज्छ्ठ्ठ उसकी सामरिक विश्वसनीयता को बढ़ाते हैं। साथ ही मोदी सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि भारत रक्षा तकनीक में केवल उपभोक्ता न रहे, बल्कि वैश्विक रक्षा निर्यातक और इनोवेशन लीडर बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन में रक्षा उत्पादन अहम स्तंभ है।

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया**

## ब्रीफ न्यूज़

### भोपाल के न्यू मार्केट में निगम टीम से अभद्रता अतिक्रमण हटाने पहुंची थी टीम

**भोपाल।** भोपाल के न्यू मार्केट में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम से अभद्रता करने का मामला सामने आया है। एक दुकानदार ने निगमकर्मियों से अभद्रता की। उसे निगम की बिल्डिंग शाखा ने नोटिस दिया है। न्यू मार्केट में रात साढ़े 8 बजे तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई गई। अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक ट्रक सामान जब्त किया गया। इस दौरान अतिक्रमणकर्ताओं के साथ विवाद की स्थिति बनी। बालाजी छोले भटूरे वाले द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। अवैध निर्माण को रोकने और हटाए जाने की कहने पर दुकान मालिक दीपक अग्रवाल ने अभद्रता की। अतिक्रमण अधिकारी भदौरिया ने बताया कि युवक ने निगम के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। साथ ही धमकियां भी दी। स्थल पर अतिक्रमण अधिकारी, भवन अनुज्ञा शाखा से बिल्डिंग इंजीनियर, वार्ड-32 से प्रभारी एवं कर्मचारी, जोन प्रभारी और अतिक्रमण अमला मौजूद था। प्रॉपर्टी के पेपर नहीं दिखाने पर भवन अनुज्ञा शाखा से बिल्डिंग इंजीनियर ने नोटिस जारी किया है।

### 1 अगस्त से शुरू होगा एमपी का पहला लग्जरी वृद्धाश्रम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश का पहला पेड लग्जरी ओल्ड एज होम यानी वृद्धाश्रम 1 अगस्त से भोपाल में शुरू हो रहा है। करीब 26 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किए गए इस वृद्धाश्रम को सीनियर सिटिजन की हर जरूरत को ध्यान में रखकर डिजाइन किया है। बुजुर्गों को यहां कुछ कपड़े और जरूरत की दवा के साथ पहुंचना होगा, बाकी रहने, खाने-पीने के साथ 24×7 मेडिकल की सुविधाएं मिलेंगी। भोपाल के लिंक रोड-3 के पत्रकार कॉलोनी स्थित वृद्धाश्रम की सुविधाएं किसी 5 स्टार होटल जैसी है और इन सुविधाओं के लिए हर व्यक्ति को हर महीने चुकाने होंगे लगभग 50 हजार रुपए। यदि कपल रहना चाहते हैं तो 82 हजार रुपए लगेंगे। वृद्धाश्रम की व्यवस्था और रखरखाव का पूरा जिम्मा सरकार ने सेवा भारती को सौंपा है। इसे नाम दिया है संध्या छाया। ऐसे बुजुर्ग जिनकी उम्र 60 साल से ज्यादा है और वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हैं, वे यहां रहने की पात्रता रखते हैं।

### पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की जमानत याचिका पर सुनवाई

**जबलपुर।** मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी आरटीओ के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा की जमानत याचिका पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। जस्टिस प्रमोद अग्रवाल की कोर्ट ने जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा है।आरोपी सौरभ शर्मा बीते 4 फरवरी से न्यायिक अभिरक्षा में है। सौरभ शर्मा के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि शर्मा से अभी तक जितना भी पैसा मिला है, वह पूरा उसका नहीं है। शर्मा के नाम जो संपत्तियां नहीं हैं, उनसे उसका कोई लेना-देना नहीं है। वहीं ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सौरभ शर्मा ने ही संपत्तियां अर्जित करने के बाद अपने दोस्त और रिश्तेदारों के नाम की हैं। सौरभ शर्मा के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि जिस अपराध को लेकर ईडी ने सौरभ शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की है, वह उसके खिलाफ नहीं बनता है। उन्होंने लोकायुक्त की जांच पर भी सवाल खड़े किए हैं। यह भी बताया गया कि संपत्तियां सौरभ शर्मा के दोस्तों की हैं।

### महापौर ने हाईकोर्ट में यातायात सुधार के लिए दिए सुझाव

**इंदौर।** इंदौर की बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर साल 2019 में उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ में लगी जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। महापौर ने अधिवक्ता के रूप में न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति बिनोद कुमार द्विवेदी की डिवीजन बेंच के समक्ष प्रस्तुत होकर पक्ष रखा। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने शहर की यातायात व्यवस्था से जुड़े मामलों में महापौर पुष्यमित्र भार्गव को न्याय मित्र नियुक्त किया है। महापौर भार्गव ने बताया कि न्यायालय ने उन्हें यातायात से जुड़े मुद्दों पर सहयोग के लिए न्याय मित्र के रूप में आमंत्रित किया था। इस दौरान उन्होंने अपने सुझाव और अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि 35 लाख की जनसंख्या और लगभग समान संख्या में वाहनों वाले शहर में नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है। महापौर ने यह भी कहा कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कुछ कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता है, जिन्हें सरकार और प्रशासन मिलकर जल्द लागू करेंगे।

---

**मप्र बनेगा विश्वसनीय डेटा सेंटर का हब**

# स्पेन-दुबई से लौटने के बाद सीएम ने की कैबिनेट बैठक

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में कैबिनेट बैठक हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 13 से 19 जुलाई तक हुई अपनी दुबई- स्पेन निवेश यात्रा की जानकारी मंत्रियों को दी। कैबिनेट में मानसून सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले अनुपूरक बजट और वित्त विधेयकों पर भी चर्चा हुई है लेकिन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से चर्चा के दौरान इसको लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। कैबिनेट बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने विदेश दौरे के दौरान डेटा सेंटर्स का निरीक्षण किया है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश में विश्वसनीय डेटा सेंटर्स विकसित करने की योजना पर विचार हुआ है। डेटा एक्सचेंज और विकास से जुड़े इस सिस्टम में शोधकर्ता और नीति-निर्माता भी शामिल होंगे। यह प्रयास एमपी को एक डेटा-सक्षम और सुरक्षित राज्य के रूप में पहचान दिलाएगा। मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट में एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा गांधी सागर जल विद्युत गृह के अपग्रेडेशन को मंजूरी दी गई है। यहां राणा प्रताप राजस्थान द्वारा 75 मेगावाट का प्लांट भी संचालित किया जा रहा है।



एमपी के हिस्से के 115 मेगावाट संयंत्र की क्षमता अब बढ़ाई जा रही है। 40 साल पुराने इस प्लांट के आधुनिकीकरण पर 464 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें सरकार का 30त्न हिस्सा होगा, शेष राशि लोन से जुटाई जाएगी। अगर किसी को बिजली की दरों को लेकर चिंता है, तो वह सोलर एनर्जी की ओर रुख करे। सोलर से न केवल खुद के लिए सस्ती बिजली मिल सकती है, बल्कि इसे बेचकर आमदनी भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम सोलर सूर्यघर योजना के तहत आमजन को सस्ती सौर ऊर्जा की सुविधा दी है। इसका लाभ उठाया जा सकता है। मंत्री विजयवर्गीय ने यह बात एक पत्रकार के सवाल के जवाब में कही, जिसमें पूछा गया था कि क्या मेट्रो किराए में बदलाव को लेकर कोई निर्णय लिया गया है?विजयवर्गीय ने बताया कि उज्जैन में आयोजित होने वाले व्यापार मेले में ऑटोमोबाइल सेक्टर को 50 त्न की छूट दी गई है। ग्वालियर में यह सुविधा पहले से लागू है।

#### कैबिनेट में इन मुद्दों पर भी हुई चर्चा :-

- पचमढ़ी को बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया है। राज्य सरकार जैव विविधता, टाइगर रिजर्व और पर्यावरणीय पर्यटन को लेकर गंभीर है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इन क्षेत्रों का समुचित विकास किया जाएगा।- मुख्यमंत्री ने खाद वितरण को लेकर चिंता जताई। उन्होंने सभी मंत्रियों से कहा कि वे अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में खाद की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बोनी का काम शुरू हो गया है, ऐसे में किसानों को समय पर खाद मिलना चाहिए। साथ ही, नकली खाद पर सख्ती से रोक लगाई जाए।- महाकाल की सवारी इस बार लोक नृत्य थीम पर आधारित रही, जिसमें गुजरात के आदिवासी नृत्य की विशेष प्रस्तुति दी गई। लाखों श्रद्धालु पहुंचे। इतनी भीड़ को नियंत्रित करने का कार्य प्रशासनिक टीम ने बखूबी किया।मुख्यमंत्री ने बैठक से पहले बताया कि इस यात्रा के दौरान कुल 11,119 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे लगभग 14,500 नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा मध्य प्रदेश को वैश्विक निवेश के नक्शे पर एक नई पहचान दिलाने वाली रही और यूरोप तथा खाड़ी देशों में यह संदेश गया है कि मध्य प्रदेश निवेश के लिए मित्रवत राज्य है।

---

**जबलपुर समेत 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट**

# 24 घंटे में 4.5 इंच बारिश की संभावना; चार दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 4 दिन से थमा भारी बारिश का दौर सोमवार रात से फिर शुरू हो गया है। भोपाल समेत कई जिलों में देर रात तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने मंगलवार को जबलपुर समेत 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां अगले 24 घंटे में साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के दौरान बुरहानपुर, खंडवा, बैतूल, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, सिवनी, इंदौर, देवास, उज्जैन, हरदा, पांढुर्णा, खरगोन और सीहोर जिलों में हल्की बारिश, आंधी चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अगले चार दिन तक भारी बारिश का दौर रहने वाला है। वहीं, मानसून ट्रफ लाइन भी एक्टिव है। दूसरी ओर, 24 जुलाई से बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर एरिया (दम दबाव का क्षेत्र) सक्रिय हो रहा है। इसका असर भी प्रदेश में देखने को मिलेगा। 23-24 जुलाई को भी प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट है। मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान हल्की बारिश का दौर रहा। भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 12



से अधिक जिलों में बारिश हुई। इंदौर-सिवनी में पौन इंच पानी गिर गया। वहीं, सतना और सीधी में आधा इंच से ज्यादा, खजुराहो, उमरिया और बालाघाट के मलाजखंड में करीब आधा इंच बारिश हुई। दमोह, जबलपुर, सागर, रायसेन में भी बारिश का दौर चला। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के दौरान बुरहानपुर, खंडवा, बैतूल, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, सिवनी, इंदौर, देवास, उज्जैन, हरदा, पांढुर्णा, खरगोन और सीहोर जिलों में हल्की बारिश, आंधी चलने की संभावना जताई है। बता दें कि प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 20.7 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि अब तक 13.2 इंच बारिश होनी थी। इस हिसाब से 7.5 इंच बारिश ज्यादा हो चुकी है, जो 57त्न अधिक है। 3 जिले- निवाड़ी, टीकमगढ़ और श्योपुर में तो कोटा पूरा हो चुका है। इन जिलों में सामान्य से 15त्न तक ज्यादा पानी गिर चुका है। ग्वालियर समेत 5 जिलों भी बेहतर स्थिति में है। यहां 80 से 95त्न तक बारिश हो चुकी है। दूसरी ओर, इंदौर और उज्जैन संभाग सबसे पीछे है। इंदौर, उज्जैन, शाजापुर, बुरहानपुर और आगर-मालवा में 10 इंच से भी कम पानी गिरा है। सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में मौसम में बदलाव देखने को मिला।

---

### वेबसाइट पर लाइव दिखता रहा वोटिंग स्टेटस

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयोग ने आज पहली बार जनपद सदस्य के पद के लिए पेपरलेस निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कराई। इसके लिए आज सुबह से दमोह जिले के एक जनपद सदस्य के लिए वोटिंग कराई जा रही है। इसके साथ ही सागर जिले में चार सरपंच पदों के लिए भी पेपरलेस वोटिंग हो रही है। पेपरलेस वोटिंग को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने जो व्यवस्था की है उसमें सागर और दमोह में हो रहे मतदान की लाइव जानकारी वेबसाइट के जरिए मिल रही है। किस पंचायत के किस मतदान केंद्र के लिए कितना प्रतिशत वोटिंग होती जा रही है, इसकी जानकारी भी लाइव मिलती रही। मतदान तीन बजे थम जाएगा। बताया गया कि सरपंच पद के लिये 49 और जनपद पंचायत सदस्य के 5 पदों के लिये मतदान अभी चल रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि सागर जिले की 4 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिये 9 मतदान केन्द्रों और दमोह जिले के वार्ड-16 के जनपद सदस्य के चुनाव के लिये 9 मतदान केन्द्रों में इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीबीएमएस) से मतदान कराया जा रहा है।

---

**सारथी सेवा संस्थान ने भेंट की दीवार घड़ियां**

# रोगियों की सेवा पुण्य कार्य - डॉ. सिंह



**नवनीत एक्सप्रेस रिपोर्टर उत्तम दीक्षित धौलपुर राजस्थान**

धौलपुर राजस्थान । जिले की अग्रणी समाज सेवी संस्था सारथी सेवा संस्थान की ओर से धौलपुर जिला अस्पताल को दीवार घड़ी प्रदान की गई है। मंगलवार को जिला अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष वीर शैलेंद्र राना एवं सचिव प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य पदाधिकारिओं ने जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह को 20 दीवार घड़ी भेंट की। इस मौके पर जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने कहा कि दीवार घड़ी मिलने से जिला अस्पताल के स्टाफ, रोगी तथा उनके परिजनों को सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि रोगियों की सेवा पूण्य कार्य है तथा इस हेतु सारथी सेवा संस्थान का सहयोग सराहनीय है। डॉ. सिंह ने कहा कि अन्य संस्थाओं को भी ऐसे सामाजिक कार्यों में आगे आना चाहिए। सारथी सेवा संस्थान के अध्यक्ष वीर शैलेंद्र राना ने कहा कि संस्थान की ओर से जिला अस्पताल के स्टाफ, रोगी तथा उनके परिजनों की सुविधा के लिए दीवार घड़ी भेंट की गई है। संस्थान की ओर से जनहित में भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य किए जाते रहेंगे। संस्थान के सचिव प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि संस्था की ओर से हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण, पर्यावरण जागरूकता तथा गरीब एवं प्रतिभावान बच्चों को शिक्षण सामग्री भेंट करने सहित अन्य सामाजिक कार्य करने का निर्णय भी किया गया है। इस मौके पर जेके शर्मा,क्षमादान सिंह चौधरी,राजेन्द्र सिंह राजोरिया एवं अभिषेक वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

---

### दहेज हत्या के फरार तीन आरोपी शाहजहांनाबाद से गिरफ्तार

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके की वाजपेयी नगर मल्टी में छिपे दहेज हत्या के तीन फरार आरोपियों को मंगलवार तड़के रायसेन जिले की पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में मृतका का सास-ससुर और एक अन्य रिश्तेदार शामिल है। ये सभी रायसेन जिले के बेगमगंज थाने में दर्ज दहेज हत्या के मामले में वांछित थे और फरारी काटते हुए भोपाल में रिश्तेदार के घर पर छिपे हुए थे। जानकारी के मुताबिक, बीते सोमवार देर रात मृतका के पिता शाहजहांनाबाद थाने पहुंचे थे। वे रायसेन के बेगमगंज क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी 23 वर्षीय बेटी उरूसा ने करीब 17 दिन पहले जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद बेगमगंज थाने में उरूसा के पति मोहम्मद मुशीर, सास बिल्कीस बी और ससुर मोहम्मद मुकीद के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और हत्या का मामला दर्ज किया गया है। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उरूसा पर दहेज के लिए मानसिक दबाव बना रहे थे। उसे लगातार ताने दिए जाते थे और प्रताड़ित किया जा रहा था। तंग आकर उरूसा ने जान दे दी।

---

# ध्रुव गुर्जर ने शानदार प्रदर्शन कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया

**नवनीत एक्सप्रेस रिपोर्टर उत्तम दीक्षित धौलपुर राजस्थान**

धौलपुर राजस्थान । राजस्थान के धौलपुर जिले से सटे सैंया क्षेत्र के रजपुरा गांव के होनहार युवा पॉवर लिफ्टर ध्रुव गुर्जर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और हौसले के सामने कोई लक्ष्य दूर नहीं होता।पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में जातियो वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में ध्रुव गुर्जर ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए 105 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया,मैनेजर संजीव चीनिया के मुताबिक, ध्रुव गुर्जर ने



शानदार प्रदर्शन कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया है,अब ध्रुव गुर्जर की मेहनत और परफॉर्मेंस को देखते हुए उनका चयन नेपाल में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।ध्रुव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारतीय मजदूर संघ आशा कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रदेश सह प्रभारी महेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में धौलपुर में दुर्गा कॉलोनी में गुर्जर समाज और खेलप्रेमियों ने भव्य स्वागत सम्मान किया। इस सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में युवा और समाज के लोग उपस्थित रहे।सभी ने ध्रुव के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नेपाल में भारत का प्रतिनिधित्व करते देखने की उम्मीद जताई।ध्रुव गुर्जर जैसे खिलाड़ी ना केवल खेल जगत का मान बढ़ा रहे हैं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बनकर उभर रहे हैं। इस मौके पर ए एस आई अतर सिंह कंसाना, आर ए सी हवलदार राजवीर बैसला,रामनाथ सिंह फौजी, नरेंद्र कंसाना , हिमांशु पटेल, सुनील कंसाना, रोहित कंसाना, सुरेंद्र सिंह अध्यापक सहित काफी संख्या में युवा एवं गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

**पालकी में भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर व श्री मनमहेश हाथी पर विराजित होकर भक्तों का कुशल-क्षेम लेने उज्जैन नगर भ्रमण पर निकले**

# मुख्यमंत्री सोमवार को महाकाल की श्रावण माह की दूसरी सवारी में हुए शामिल

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को भगवान महाकाल की श्रावण माह की दूसरी सवारी में शामिल हुए। भगवान श्री महाकालेश्वर पालकी में श्री चन्द्रमोलेश्वर के रूप में तथा हाथी पर श्री मनमहेश के स्वरूप में विराजित होकर अपने भक्तों को दर्शन देने और अपनी प्रजा का कुशल-मंगल जानने नगर भ्रमण पर निकले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सवारी निकलने के पूर्व सभा मंडप में पालकी का पूजन-अर्चन किया। सर्वप्रथम भगवान श्री महाकालेश्वर भगवान का षोडशोपचार से पूजन-अर्चन कर आरती की गई। भगवान श्रीमहाकाल की सवारी धूमधाम से निकाली गई जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर 08 जनजातीय दलों के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव संपूर्ण सवारी मार्ग पर बाबा महाकाल की आराधना और भजन-कीर्तन करते हुए नंगे पांव चले। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालुहेडा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, श्री संजय अग्रवाल आदि ने भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन-अर्चन किया और आरती में सम्मिलित हुए। भगवान श्री महाकालेश्वर की दूसरी सवारी के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे सवारी मार्ग पर डमरु और झांझ मंजीरे बजाते हुए पैदल चले। स्कूली विदयार्थियों द्वारा घोष वादन किया गया और श्रध्दालुओं के भोले शंभु भोलेनाथ के जयकारों से संपूर्ण उज्जैन नगरी गुंजायमान हुई। सवारी के दौरान रोगी को ले जा रही एम्बुलेन्स को सवारी मार्ग के बीच से निकलने के लिए श्रध्दालुओं द्वारा ढाबा रोड व कमरी मार्ग पर रास्ता प्रदान किया गया। सम्पूर्ण सवारी मार्ग में श्रद्धालुओं ने जय श्री महाकाल के उद्घोष के साथ पुष्प वर्षा की। भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर पालकी में सवार होकर अपनी प्रजा का हाल जानने और भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकले। पालकी जैसे ही श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंची सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में सवार श्री चन्द्रमोलेश्वर भगवान को सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दिया गया। सवारी मार्ग में श्रद्धालुओं ने जय श्री महाकाल के घोष के साथ अवन्तिका नगरी के राजाधिराज पालकी में विराजित भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर व हाथी पर आरूढ़ भगवान श्री मनमहेश पर पुष्पवर्षा की।

---

### हमीदिया अस्पताल, कॉलेज-स्कूल राष्ट्रभक्तों के नाम से हो

**नगर संवाददाता**

**भोपाल।** भोपाल नगर निगम परिषद की 24 जुलाई को होने वाली बैठक में नाम बदलने को लेकर दो प्रस्ताव आएंगे। एक पुराने अशोका गार्डन का नाम %राम बाग% और दूसरा विवेकानंद पार्क के पास के चौराहे का नाम विवेकानंद चौक करना है। इस बीच राजधानी में अस्पताल, कॉलेज और स्कूल के नाम बदलने को लेकर सियासत भी तेज हो गई है। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने हमीदिया अस्पताल, कॉलेज और स्कूल का नाम बदलने की मांग की है। उनका कहना है कि इसके लिए वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिख चुके हैं। अब व्यक्तिगत रूप से भी मिलूंगा और नाम बदले जाने की मांग करुंगा। नाम बदलने के मुद्दे पर दैनिक भास्कर ने निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी से बात की और जाना कि आखिर उन्होंने यह मांग क्यों उठाई? निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने सीएम को लिखे पत्र में नवाब हमीउल्ला के नाम से भोपाल में संचालित हमीदिया अस्पताल, कॉलेज और स्कूल का नाम बदलकर राष्ट्रभक्तों के नाम से किए जाने की मांग की। पत्र में लिखा कि निगम को सड़कों और चौराहों के नामकरण करने का अधिकार है।



# विद्यालय तक पहुंचना बना चुनौती
## कीचड़भरे रास्ते से गिरते-पड़ते पहुंच रहे बच्चे
### गोपालपुर गांव की तस्वीर,पंचायत की अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश

**दैनिक नवनीत एक्सप्रेस**
**विजयपुर, 22 जुलाई।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोपालपुर से एक बेहद चिंता जनक तस्वीर सामने आई है। यहां स्थित प्राथमिक विद्यालय तक पहुंचने का मार्ग बारिश के दिनों में कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे विद्यालय आने वाले नौनिहालों के लिए हर दिन जोखिम भरा साबित हो रहा है। स्कूल जाने के दौरान कई बार बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे न केवल चोट लगने का खतरा बना रहता है बल्कि उनके कपड़े और किताबें भी खराब हो जाती हैं। स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस संबंध में सरपंच और पंचायत सचिव से कई बार शिकायत की गई, मगर अब तक कोई समाधान नहीं किया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि हमने कई बार पंचायत को इस समस्या से अवगत कराया है। बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से यह मार्ग जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाना चाहिए, लेकिन पंचायत द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। अब सवाल यह है कि आखिर कब तक ये मासूम बच्चे कीचड़ से सने रास्ते से गिरते-पड़ते स्कूल जाएंगे? क्या पंचायत और प्रशासन मिलकर इस मूलभूत समस्या का स्थायी समाधान निकाल पाएंगे, या फिर गोपालपुर के बच्चे इसी तरह जोखिम उठाते रहेंगे।

**इनका कहना है...**
हमें यह समस्या संज्ञान में आई है। हम शीघ्र ही विद्यालय का निरीक्षण करेंगे और ग्राम पंचायत के समन्वय से समाधान की दिशा में कार्य करेंगे। बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।
**बीईओ विजयपुर**

मुझे आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है। मैं दिखवाता हूँ और जल्दी ही बच्चे के स्कूल जाने का रास्ता सही करा दिया जावेगा।
**अभिषेक मिश्रा**
**एसडीएम विजयपुर**

# सड़क नहीं बनने से नाराज़ ग्रामीणों ने किया चक्काजाम
## श्योपुर-कोटा हाईवे 2 घंटे रहा प्रभावित, एसडीएम के आश्वासन पर खोला



**दैनिक नवनीत एक्सप्रेस**
**श्योपुर, 22 जुलाई।** श्योपुर में प्रेमसर से बिट्ठलपुर गांव तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को श्योपुर-कोटा हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। सुबह 10.30 बजे शुरू हुआ यह जाम करीब दो घंटे तक चला।

बिट्ठलपुर गांव के ग्रामीणों के अनुसार प्रेमसर से गांव तक की सड़क वर्षों से खराब है। बरसात में यह रास्ता कीचड़ में बदल जाता है। इससे स्कूली बच्चों, मरीजों और किसानों को परेशानियां होती हैं। ग्रामीणों ने कई बार नेताओं और प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। चक्काजाम के दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। देहात थाना पुलिस और एसडीएम बीएस श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वर्तमान में सड़क की मरम्मत करा दी जाएगी। साथ ही पीएम जीएसवाई के अधिकारियों से बात कर प्रस्ताव बनवाकर भेजा जाएगा। एसडीएम के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया और यातायात सामान्य हो गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं होने तक वे इस तरह के आंदोलन जारी रखेंगे। आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती, तब तक वे इस तरह के आंदोलन जारी रखेंगे। मौके पर देहात थाना पुलिस और एसडीएम बी एस श्रीवास्तव ने पहुंचकर ग्रामीणों से बात की और उन्हें समझाइश देते हुए बताया की वर्तमान में सड़क पर मरम्मत करवा देंगे और जल्दी ही पीएमजीएसवाई के अधिकारियो से बात करके प्रस्ताव बनवाकर भेजा जाएगा इसके बाद ग्रामीण जाम हटाने कों राजी हुए करीब दो घंटे बाद चक्काजाम हटाया गया और यातायात सामान्य हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि देश आजाद हो गया है परंतु श्योपुर जिले के कई गांव ऐसे है जहां आज भी पक्की सड़क नहीं है। ये प्रशासन की बड़ी लापरवाही है.नेता दिखावे के बह केवल फोटो सेशन में मस्त रहते है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द इस सड़क को बनवाया जाए, ताकि आवागमन की समस्या से उन्हें राहत मिल सके।

# उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण पर करें कठोर कार्यवाही

श्योपुर। जिला कलेक्टर डबल लॉक केंद्रों, पैक्स और निजी विक्रय केन्द्रों का आकस्मिक रूप से करें निरीक्षणउर्वरक के अवैध व्यापार पर 30 एफ.आई.आर., 56 लायसेंस निरस्त, 70 लाइसेंस निलंबन और 188 विक्रय प्रतिबंधित करने की हुई कार्यवाही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की खरीफ के लिए उर्वरक व्यवस्था की समीक्षा की। यूरिया की मांग वाले जिलों में आगामी सात दिवस में प्राप्त होने वाले रैक और उर्वरक वितरण व्यवस्था संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। राज्य स्तर से उर्वरक व्यवस्था की लगातार समीक्षा की जा रही है। वीसी के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में कलेक्टर अर्पित वर्मा, सीईओ जिला पंचायत अतेंद्र सिंह गुर्जर, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# मानपुर त्रिवेणी संगम से छिमछिमा तक निकली 115 किमी लंबी कांवड़ यात्रा
## पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने किया शुभारंभ,विजयपुर में हुआ भव्य स्वागत, पुलिस प्रशासन भी रहा मुस्तैद

**दैनिक नवनीत एक्सप्रेस**
**विजयपुर, 22 जुलाई।** मानपुर स्थित पावन त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम से रविवार को भव्य कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक आयोजन का नेतृत्व मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व वन मंत्री श्री रामनिवास रावत ने किया। यात्रा में क्षेत्रभर से आए करीब हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सैकड़ों कांवड़ उठाकर शिव भक्ति में डूबे नजर आए। यह यात्रा लगभग 115 किलोमीटर लंबी है, जो विभिन्न गांवों और कस्बों से होते हुए विजयपुर अंचल के प्राचीन छिमछिमा हनुमान मंदिर पर आकर संपन्न होगी। समापन के दिन श्रद्धालु चंबल नदी से लाए गए पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। छिमछिमा मंदिर को विजयपुर क्षेत्र की जनआस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है, और श्रावण मास में यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। यात्रा के दौरान ढोढर, वीरपुर और विजयपुर में रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा रास्ते भर स्वयंसेवी संगठनों और ग्रामवासियों द्वारा जलपान, विश्राम स्थल, प्राथमिक उपचार केंद्र और भंडारे लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही यह कांवड़ यात्रा आज विजयपुर पहुंची, जहां नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा, जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं के उत्साह और शिव भक्ति ने माहौल को भक्ति रस में रंग दिया। यात्रा की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु हर संभव प्रयास किए गए। छिमछिमा हनुमान मंदिर में जलाभिषेक के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना को देखते हुए मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

# मानसिक स्वास्थ पर परिचर्चा आयोजित,पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में हुआ आयोजन




**दैनिक नवनीत एक्सप्रेस**
**श्योपुर,22 जुलाई।** उच्च शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के तहत उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तारतम्य में आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के सेमिनार हॉल में मानसिक स्वास्थ्य पर परिचर्चा आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया।

डॉ. गायत्री मित्तल ने परिचर्चा के दौरान कई महत्वपूर्ण सूत्र विद्यार्थियों को बताया कि जिनके द्वारा वो आज की दौड़ भाग वाली व्यस्ततम एवं नित उच्च प्रतिस्पर्द्धा वाली जिंदगी में अपने आपको मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने बच्चों को बताया कि टेक्नोलॉजी का उपयोग अपने विकास के लिए किया जाना चाहिए ना कि परेशानियां पैदा करने के लिए क्योंकि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल इंटरनेट का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए अत्याधिक मात्रा में कर रहे हैं जिससे उनमें मानसिक अवसाद तथा दैनिक क्रियाओं में सामंजस्य बिठाने में तकलीफें पैदा हो रही हैं जोकि कदापि सही नहीं हैं। डॉ. मित्तल ने बच्चों को जल्दी सोने तथा जल्दी उठने की सलाह दी तथा साथ ही उन्होंने नित व्यायाम योग क्रियाओं, पुस्तकों के अध्ययन, पौष्टिक भोजन करने के साथ साथ अगर किसी भी तरह के मानसिक तनाव में विद्यार्थी अपने आप को पाते हैं तो उचित सलाह देने तथा अपने परिजनों मित्रों गुरुओं से लगातार संवाद करने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मित्तल ने तनाव मुक्ति हेतु कुछ यौगिक क्रियाओं का अभ्यास भी विद्यार्थियों को कराया। कार्यक्रम का आभार नोडल अधिकारी डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया खेल अधिकारी पीएम एक्सीलेंस कॉलेज ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा, आदर्श कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी राठौर व मनोचिकित्सक डॉ गायत्री मित्तल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। इस अवसर पर विप्लव शर्मा व स्नेहलता गुर्जर आदि उपस्थित रहें।

# डूबने से मौत के मामलों में 4-4 लाख रूपये की राशि स्वीकृत

**दैनिक नवनीत एक्सप्रेस**
**श्योपुर,22 जुलाई।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार श्योपुर एवं विजयपुर अनुभाग क्षेत्र में पानी में डूबने से हुई मृत्यु के 6 प्रकरणों में आरबीसी 6-4 के तहत मृतको के वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

एसडीएम श्योपुर बीएस श्रीवास्तव ने बताया कि स्व. गिर्राज पुत्र कन्हैयालाल निवासी मानपुर की सीप नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी, मृतक का शव 10 जुलाई 2025 को सीप नदी से बरामद हुआ था, इस प्रकरण में मृतक के वैद्य वारिस उसकी मॉ पुष्पा बाई उर्फ कुसमा बाई आर्य के नाम 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। इसी प्रकार गत 15 जुलाई को ग्राम सोईकलां में स्व. कु. गरिमा पुत्री देशराज बैरवा की सीप नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी, इस पर मृतिका के निकटतम वारिसान उसके पिता देशराज बैरवा के नाम 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने की कार्यवाही की गई है। एसडीएम श्योपुर ने बताया कि गत 30 मार्च को ग्राम सेमल्दा में घर के पास खेलते समय 5 वर्षीय बालक स्व.अभि पुत्र अमित गोयल की पानी के गढ्ढे में गिर जाने से मृत्यु हो गई थी, इस मामले में मृतक बालक की मॉ संगीता गोयल पत्नि श्री अमित गोयल निवासी सबलगढ के नाम से 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि 15 जुलाई को ग्राम शुक्रवारा निवासी स्व. शिव सिंह आदिवासी पुत्र रामदयाल आदिवासी की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उसके वैद्य वारिसान उसकी पत्नि रचना आदिवासी निवासी ग्राम शुक्रवारा कदवई के नाम 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार 17 अप्रैल को ग्राम दाउदपुर निवासी स्व. बलराम पुत्र दुर्जन आदिवासी की कुएं पर पानी भरते समय पैर फिसलने के चलते कुए में गिर जाने से हुई मृत्यु के मामले में उसकी पत्नि तारा आदिवासी के नाम से 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। ग्राम मोहनपुरा निवासी स्व. सचिन जाटव पुत्र मोहर सिंह की पानी में डूबने से हुई मृत्यु के मामले में मृतक के निकटतम उसके पिता मोहर सिंह जाटव के नाम से 4 लाख रूपये की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है। मृतक स्व. सचिन की 7 जुलाई 2025 को भैस चराते समय पापरे कोनदेह नाले में नहाने के दौरान अचानक पैर फिसलने के चलते गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।



# मृतक के पुत्र अरविंद पावन का कहना है कि हमें इंसाफ चाहिए



**दैनिक नवनीत एक्सप्रेस**
**दतिया, 22 जुलाई।** गोंदन थाने के आत्महत्या करने वाले एएसआई प्रमोद पावन के छोटे भाई हेड कांस्टेबल अनिरुद्ध पावन ने बताया कि प्रमोद का कभी किसी से कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं रहा और न ही उनके खिलाफकोई विभागीय जांच चल रही थी। वे अत्यंत सीधे-सादे स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने आरोप लगाया कि गोदन थाना प्रभारी अरविंद भदोरिया और उनके कुछ स्टाफ लगातार उन्हें प्रताड़ित कर रहे थे। इस बारे में उन्होंने कई बार एसपी कार्यालय में शिकायत भी की, ट्रांसफर या लाइन अटैच करने की मांग भी रखी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अगर समय रहते कोई कदम उठाया गया होता तो यह दुखद घटना नहीं घटती। मौके पर पहुंचे सेवढ़ा एसडीओपी अजय चनाना ने अनिरुद्ध पावन की बात दतिया एसपी सूरज वर्मा से करवाई। बातचीत में अनिरुद्ध ने कहा कि उन्होंने कई बार अपने भाई के साथ पहुंच कर आपसे शिकायत की थी, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। उन्होंने एसपी से आग्रह किया कि अब निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। एसपी वर्मा ने उन्हें जांच का आश्वासन दिया है। जांच के लिए विशेष टीम गठितःदतिया एसपी सूरज वर्मा ने कहा कि मामले की जांच डीएसपी अजाक उमेश गर्ग को सौंपी गई है। वीडियो की भी फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। थाना प्रभारी को हटाया गया है साथ ही एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करेगी। डीएसपी उमेश गर्ग ने बताया कि जो भी साक्ष्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मिलनसार और जिम्मेदार अधिकारी थे प्रमोद
गोदन गांव के कई ग्रामीणों ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया, लेकिन नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एएसआई प्रमोद एक मिलनसार, समझदार और जिम्मेदार अधिकारी थे। वे आम लोगों की समस्याएं बेहद गंभीरता से सुनते थे। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से वे काफी उदास दिख रहे थे। पूछने पर मुस्कुराकर टाल देते थे।

### कलेक्टर द्वारा इन्दगरढ़ पहुंचकर की निर्माण कार्यो की समीक्षा
इंदरगढ़। कलेक्टर स्वप्निल वानखडे द्वारा आज नगर परिषद इन्दरगढ़ कार्यालय पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्यो के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रगतिरत कार्यो की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्यो में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। उन्होंने नगर क्षेत्र की साफसफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी इन्दरगढ़ अशोक अवस्थी को दिए। उन्होंने कहा कि इन्दरगढ़ क्षेत्र की समस्या सबसे अधिक देखेने को मिलती है। उन्होंने समय रहते अतिक्रमण हटाने के निर्देश समस्त अधिकारियों को दिए जिससे वर्षा के दौरान जल भराव की स्थिति नहीं होगी एवं हादसों को भी टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनहानि अथवा पशु हानि जैसी समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां कहीं भी निर्माण कार्य द्वारा गड्ढे हो जाते हैं या कहीं जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है वहां व्यवस्थित रूप से बैरिकेटिंग कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी को निर्देश दिए कि 15 सितंबर से पहले कॉरिडोर एवं रिटेनिंग वॉल का कार्य रतनगढ़ माता मंदिर में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जहां अतिक्रमण से जल निकासी में दिक्कतें आ रही हैं वहां के लोगों को तीन से चार दिन का समय देकर मुनादी करवा ली जाए उसके बाद अतिक्रमण को हटाने का कार्य तीव्रता के साथ किया जाए। कई बार देखा गया है कि अतिक्रमण में बने 3 -4 घरों की वजह से पूरा शहर डूब की स्थिति में आ जाता है। इसलिए इस कार्य का क्रियान्वयन समस्त अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने एसडीएम श्री अशोक अवस्थी और तहसीलदार को सफाई कर्मचारियों की नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भाजपा ने ग्रामीण क्षेत्रो में पौधारोपण किया



दतिया। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के द्वारा प्रदेश के जिलों में चलाए जा रहे एक पौधा मां के नाम पौधारोपण अभियान के तहत भाजपा उदगुवा मंडल में पौरारोपण और बूथ समिति की बैठकों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा भाजपा जिला मंत्री पौधारोपण जिला प्रभारी अतुल भूरे चौधरी मंडल अध्यक्ष हरिराम पाल पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश यादव मनीराम शर्मा मौजूद रहे बूथ समिति के पदाधिकारी के साथ आम जामुन बरगद के पौधे रोपित किया इसके पश्चात ग्राम पलोथर में जामुन,आम के पौधे रोपित किए गए इसके पश्चात ग्राम उदगुवा में बूथ समिति के पदाधिकारीओ की बैठक शामिल हुए

बैठक के पश्चात ग्राम के हनुमान मंदिर प्रांगण में आम,जामुन,नींबू और जामफल के पौधे रोपित किया इसके पश्चात ग्राम खरग में बूथ समिति के पदाधिकारीओ ने कार्यक्रम के अतिथियों का साल श्रीफल और पुष्प माला पहने का स्वागत किया इसके पश्चात ग्राम के मंदिर प्रांगण में नींबू आम के पौधे रोपित किए इसके पश्चात ग्राम गरेरा में आयोजित बूथ समिति के पदाधिकारीओ की बैठक मैं शामिल हुए बैठक के पश्चात ग्राम के मंदिर प्रांगण में जामुन,नीम और पीपल के पौधे रोपित किए गए इस मौके पर रमेश नायक मनीराम शर्मा मुकेश प्रजापति दीपक शर्मा परमेश्वरी दास कुशवाहा सहित बूथ समिति के पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थलों पर मौजूद रहे।

### जन सुनवाई में सुनी शिकायते
दतिया। जनपद सभागार परिसर में मंगलवार को जन सुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। जन सुनवाई में दो दर्जन से अधिक शिकायते दर्ज की गईं, जिनमें अधिकांश शिकायतें जमीन विवाद, सड़क निर्माण, जल निकासी, बिजली समस्या, नाला कि सफाई, आवास योजना में नाम न आने, पेंशन न मिलने एवं शासकीय योजनाओं का लाभ न मिलने से जुड़ी रहीं। जन सुनवाई का यह सत्र जन सहभागिता और प्रशासनिक जिम्मेदारी का प्रतीक बनकर सामने आया।

# पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर किया स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का शुभारम्भ






**दैनिक नवनीत एक्सप्रेस**
**दतिया,22जुलाई।** मंगलवार को भांडेर के पूर्व विधायक एवं भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम पिरौनिया ने मध्य प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहे स्टाप डायरिया सह दस्तक अभियान के अंतर्गत ग्राम सालोंए में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर छोटे बच्चों को दबाई पिलाई। एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया इस दौरान उनाव मण्डल अध्यक्ष दिनेश शर्मा उपस्थित रहे। वही भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर कुशवाह द्वारा आगामी 45 दिवस तक चलने वाले स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का शुभारम्भ बच्चो को बिटामिन ए की दवा पिलाकर किया। उक्त अभियान के अंतर्गत जिले में लगभग 86 हजार बच्चों को विभिन्न प्रकार की सेवाये जैसे कि बिटामिन ए अनुपूरण कुपोषण का चिन्हांकन एनिमिया, निमोनिया, दस्त एवं अन्य मौसमी बीमारियो से प्रभावित बच्चो का तीन सदस्यीय दल जिसमे एएनएम, आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा परीक्षण उपचार एवं आवश्यकतानुसार रैफर की सेवा प्रदाय की जावेगी। शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रघुवीर सिंह कुशवाह द्वारा कहा गया कि प्रदेश की सरकार पूर्ण रूप से स्वास्थ्य सूचकांको में सुधार हेतु प्रयासरत है। जिसके परिणामस्वरूप समय-समय पर शासन एवं विभाग द्वारा इस प्रकार के अभियान चलाये जाते है। मुख्य अतिथि द्वारा समस्त जिले वासियों से अपील की गई कि अभियान के अंतर्गत दलों को सहयोग करे एवं अपने बच्चो का सतप्रतिशत परीक्षण आवश्यक रूप से करावे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.के वर्मा द्वारा बताया गया कि अभियान के अंतर्गत चिन्हित सभी बच्चो को प्रथम दिवस ऑगनवाडी केन्द्र पर सेवाये प्रदाय की जावेगी शेष बच्चो को मॉपअप दिवस में घर जाकर उपरोक्त सभी सेवाये दल द्वारा प्रदाय की जावेगी सभी दलो को निर्धारित प्रोटोकॉल एवं शासन से प्राप्त निर्देश पालन करने हेतु सक्त निर्देश जारी किये गये है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ डी.के सोनी भूरे चैधरी, पंकज गुप्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी बदले
दतिया। कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे ने आदेश जारी कर प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से डॉ. आरएस परिहार मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य कन्द्र भाण्ड़ेर के स्थान पर डॉ. इनद्रेश कुमार दोहरे चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाण्ड़ेर को मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिाकरी सामुदयिक स्वास्थ्य कन्द्र भाण्ड़ेर का प्रभार सौंपा गाय है। इसी प्रकार डॉ. अरूण कुमार शर्मा मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इन्दरगढ़ के स्थान डॉ. सज्जन सिंह दांगी चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय दतिया को मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इन्दरगढ़ का प्रभार सौंपा है।

# पांच साल की उम्र से शतरंज खेल रहीं दिव्या देशमुख, 2021 में महिला ग्रैंडमास्टर का खिताब जीता





**नई दिल्ली।** नौ दिसंबर 2005 को नागपुर में जन्मीं दिव्या ने पांच साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं। उनके पिता का नाम जितेंद्र और माता का नाम नम्रता है। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख महिला शतरंज विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। 19 साल की दिव्या ने इस टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और टाईब्रेकर में हमवतन द्रोणावल्ली हरिका को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दिलचस्प बात यह है कि दिव्या पहली बार विश्व कप में हिस्सा ले रही हैं।

नौ दिसंबर 2005 को नागपुर में जन्मीं दिव्या ने पांच साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं। उनके पिता का नाम जितेंद्र और माता का नाम नम्रता है। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती। इसके बाद उन्होंने अंडर-10 (डरबन, 2014) और अंडर-12 (ब्राजील, 2017) कैटेगरी में विश्व युवा खिताब भी जीते। इसके बाद 2014 में डरबन में आयोजित अंडर-10 वर्ल्ड यूथ टाइटल और 2017 में ब्राजील में अंडर-12 कैटेगरी में भी खिताब अपने नाम किए। उनकी निरंतर प्रगति ने उन्हें 2021 में महिला ग्रैंडमास्टर बना दिया और इसके साथ ही वह विदर्भ की पहली और देश की 22वीं महिला खिलाड़ी बनीं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। दिव्या ने 2023 में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी प्राप्त कर लिया। 2024 में उन्होंने विश्व जूनियर गर्ल्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भी परचम लहराया, जहां उन्होंने 11 में से 10 अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, 45वें चेस ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उनकी अहम भूमिका रही। दिव्या एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं। दिव्या शतरंज की दुनिया में अब जाना-पहचाना नाम है।

दिव्या देशमुख इस साल फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को मात दे चुकी हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी तारीफ की थी। दिव्या ने 10 से 16 जून को लंदन में आयोजित फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में चीन की यिफान को हराया था। दिव्या के करियर की यह सबसे बड़ी जीत में से एक है। ओलंपियाड में तीन स्वर्ण, कई एशियाई और विश्व युवा खिताब। चेन्नई में शतरंज गुरुकुल में जीएम आरबी रमेश के तहत प्रशिक्षित दिव्या को उनकी तेज सामरिक दृष्टि, अडिग धैर्य और रचनात्मक प्रतिभा के लिए सराहा जाता है। दिव्या के पास अब कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने का मौका है। महिला विश्व कप में शामिल शीर्ष तीन खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रवेश मिलना है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का विजेता विश्व चैंपियन को चुनौती देता है। दिव्या की मौजूदा फिड रेटिंग 2463 है और वह भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ियों में चौथे स्थान पर हैं।

## रवि शास्त्री को भरोसा, सुंदर के पास भविष्य में बेहतरीन ऑलराउंडर बनने की क्षमता

खेल एजेंसी



**दुबई।** शास्त्री ने सुंदर के धैर्य, तकनीकी कौशल और बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा की और खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उनके सफल होने की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने वाशिंगटन सुंदर की सराहना की है और कहा कि भविष्य में वह भारत के बेहतरीन ऑलराउंडर बन सकते हैं। शास्त्री का कहना है कि सुंदर घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ नैसर्गिक रूप से प्रतिभाशाली बल्लेबाज भी है। शास्त्री ने सुंदर के धैर्य, तकनीकी कौशल और बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा की और खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उनके सफल होने की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2021 में ब्रिसबेन में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले 25 वर्षीय ऑफ स्पिनर वाशिंगटन को उसके बाद इस प्रारूप में बहुत अधिक मौके नहीं मिले हैं। उन्होंने अब तक 11 टेस्ट मैच में 545 रन बनाए हैं और 30 विकेट लिए हैं। शास्त्री का मानना है कि वाशिंगटन को विशेषकर भारत की टर्निंग पिचों पर लाल गेंद से अधिक मैच खेलने चाहिए थे। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे शुरू से ही वाशिंगटन का खेल पसंद रहा है। जब मैंने उसे पहली बार देखा तो मैंने कहा था कि वह कमाल का खिलाड़ी है और उसमें कई वर्षों तक भारत का सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बनने की क्षमता है। वह अभी सिर्फ 25 साल का है। मुझे लगता है कि उसे और ज्यादा टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिए था। भारत में जहां गेंद टर्न ले रही हो, वहां वह घातक साबित हो सकता है, जैसा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ उसने प्रदर्शन किया था।

# हैरी ब्रूक ने भारत के जख्मों पर छिड़का नमक, बोले- सीरीज में विवाद से इंग्लैंड को हुआ फायदा

खेल एजेंसी



**मैनचेस्टर।** एक ओर जहां भारत नए जोश के साथ उतरने के लिए तैयार है, वहीं इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने मैच से पहले उसके जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। ब्रूक का मानना है कि लॉर्ड्स टेस्ट में भारतीय खिलाड़ियों के साथ मैदान पर हुई छींटाकशी से उनकी टीम को फायदा पहुंचा था। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में मिली हार को भुलाकर बुधवार से मैनचेस्टर में होने वाले चौथे टेस्ट मैच में उतरेगी। भारत लॉर्ड्स टेस्ट में अच्छी स्थिति में था, लेकिन पांचवें दिन आसान सा लक्ष्य हासिल नहीं कर सका और उसे 22 रनों से हार मिली। भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पीछे चल रही है और अब उसकी नजरें वापसी करने पर टिकी हुई हैं। एक ओर जहां भारत नए जोश के साथ उतरने के लिए तैयार है, वहीं इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने मैच से पहले उसके जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। ब्रूक का मानना है कि लॉर्ड्स टेस्ट में भारतीय खिलाड़ियों के साथ मैदान पर हुई छींटाकशी से उनकी टीम को फायदा पहुंचा था। दरअसल, तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन जब खेल समाप्ति की ओर था तब भारतीय खिलाड़ियों के साथ जैक क्राउली और बेन डकेट की बहस हो गई थी। मामला उस वक्त बढ़ा जब जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी कर रहे थे और क्राउली उनका सामना करने के बजाए समय बर्बाद कर रहे थे। इससे कप्तान शुभमन गिल सहित अन्य भारतीय खिलाड़ी भड़क गए और उन्हें व्यंग्यात्मक ढंग से क्राउली के लिए ताली बजाई। इससे माहौल गर्म हो गया था। मैनचेस्टर टेस्ट से पहले ब्रूक से इस विवाद के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मुझे बहुत सारी प्रशंसा मिली है। सभी ने कहा कि यह देखना शानदार था। जब हम फील्डिंग कर रहे थे तब ऐसा लग रहा था कि यह 11 बनाम दो खिलाड़ी है। यह मजेदार था। मुझे स्वीकार करना होगा कि इसका मुझे फायदा होगा। फील्डिंग के दौरान हम पर थकान हावी हो रही थी लेकिन इसने मैच को मजेदार बना दिया। ब्रूक ने हालांकि जोर देकर कहा कि इस मामले में सीमाएं नहीं लांघी जाएंगी। उन्होंने कहा, हम खेल भावना के साथ जितना हो सके खेलने की कोशिश करते हैं। डकेट और क्राउली ने बुमराह के उस ओवर का सामना करने के लिए कड़ी मेहनत की थी। हां, मुझे लगता है कि इसने उन्हें थोड़ा और दबाव में डाल दिया। मुश्किल पिच पर कम स्कोर का पीछा करते समय

# आकाश दीप नहीं खेले तो कौन लेगा प्लेइंग-11 में उनकी जगह? प्रसिद्ध और कंबोज दावेदार

खेल एजेंसी



मैनचेस्टर। भारत जहां मैनचेस्टर टेस्ट से सीरीज में बराबरी के इरादे से उतरेगा, वहीं खिलाड़ियों के चोटिल होने से उसके लिए समस्याएं बढ़ गई हैं। बुमराह के कार्यभार प्रबंध और आकाश दीप तथा अर्शदीप के चोटिल होने के कारण प्लेइंग-11 संयोजन को लेकर टीम प्रबंधन को काफी माथापच्ची करनी पड़ रही है। भारतीय टीम ने बुधवार से मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रहे चौथे टेस्ट मैच के लिए कमर कस ली है। भारत जहां इस मैच में बराबरी के इरादे से उतरेगा, वहीं खिलाड़ियों के चोटिल होने से उसके लिए समस्याएं बढ़ गई हैं। मैनचेस्टर टेस्ट से पहले ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आकाश दीप चोटिल हो गए हैं जिससे भारत के लिए प्लेइंग-11 की चुनौती कठिन हो गई है। आकाश दीप इस सीरीज के दूसरे मैच में खेलने उतरे थे और उस वक्त उन्हें जसप्रीत बुमराह की जगह प्लेइंग-11 में मौका दिया गया था। आकाश ने शानदार प्रदर्शन किया था और भारत की जीत में अहम योगदान दिया था। इसी कारण बुमराह के तीसरे टेस्ट में खेलने के बावजूद आकाश प्लेइंग-11 में जगह बरकरार रखने में सफल रहे थे और प्रसिद्ध कृष्णा को लॉर्ड्स टेस्ट में बाहर रखा गया था। बुमराह को लेकर स्थिति पहले से ही स्पष्ट है कि वह सीरीज के तीन मैच में ही खेलेंगे। ऐसे में खिलाड़ियों की चोट की समस्या को देखते हुए बुमराह का मैनचेस्टर में खेलना लगभग तय है। इसकी पुष्टि खुद मोहम्मद सिराज ने भी की है। अब सवाल यह उठता है कि अगर आकाश दीप मैच से पहले फिट नहीं हो सके तो उनकी जगह किसे प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है। आकाश ने मैच से पहले अभ्यास सत्र में कुछ गेंदबाजी की, लेकिन वह इससे संतुष्ट नहीं दिखे। आकाश की जगह एकादश में जगह बनाने के प्रसिद्ध और अंशुल कंबोज दावेदार हैं। प्रसिद्ध और कंबोज ने अभ्यास सत्र में पूरे दम से गेंदबाजी की, लेकिन फिजियो ने आकाश को नेट सत्र में गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में मुख्य मैदान पर अपनी फिटनेस का मूल्यांकन करवाया था। वह हालांकि इसके बाद नेट सत्र के दौरान दर्शक बने रहे जहां उनके साथ अर्शदीप सिंह खड़े थे जो हाथ की चोट के कारण मैच से बाहर हो गए हैं। आकाश अगर अनफिट करार दिए जाते हैं तो टीम प्रबंधन को जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ तीसरे तेज गेंदबाज के लिए प्रसिद्ध कृष्णा या अंशुल कंबोज में से किसी एक को चुनना होगा। कंबोज चोटिल अर्शदीप के विकल्प के तौर पर टीम में शामिल हुए है, जिससे उनके अप्रत्याशित डेब्यू की संभावना बढ़ गई है। कंबोज ने गेंदबाजी के बाद शार्दुल ठाकुर के साथ बल्लेबाजी अभ्यास भी किया। शार्दुल को एकादश में नीतीश कुमार रेड्डी की जगह मिल सकती है। नेट सत्र के दौरान सिराज ने शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाजों के खिलाफ सबसे ज्यादा गेंदबाजी की, जबकि बुमराह ने नेट सत्र वाले स्थान पर फिसलन जैसी स्थिति के कारण मुख्य मैदान पर गेंदबाजी अभ्यास किया। अभ्यास सत्र में पंत ने सहजता से बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग का अभ्यास किया और चौथे टेस्ट के लिए फिट दिखे।

# इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए घोषित की प्लेइंग-11

### बशीर की जगह इस खिलाड़ी को मौका

खेल एजेंसी



**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड ने इस मैच के लिए एक बदलाव किया है और ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की जगह लियाम डॉवसन को मौका दिया है। डॉवसन की आठ साल बाद इंग्लैंड के लिए कोई टेस्ट मैच खेलेंगे। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 23 जुलाई से मैनचेस्टर में होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग-11 घोषित कर दी है। इंग्लैंड ने इस मैच के लिए एक बदलाव किया है और ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की जगह लियाम डॉवसन को मौका दिया है। डॉवसन की आठ साल बाद इंग्लैंड के लिए कोई टेस्ट मैच खेलेंगे। उन्होंने इससे पहले आखिरी बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे चल रही है। इंग्लैंड ने पहला और तीसरा टेस्ट मैट जीता था, जबकि भारत को एजबेस्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट में जीत मिली थी। बशीर बाएं हाथ की अंगुली में चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। बशीर को तीसरे टेस्ट मैच के दौरान चोट लगी थी। लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान बशीर ने ही भारत का आखिरी विकेट गिराकर इंग्लैंड को जीत दिलाई थी। बशीर के बाहर होने से 35 वर्षीय डॉवसन को मौका मिला। उन्होंने आखिरी बार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जुलाई 2017 में इंग्लैंड के लिए मैच खेला था। डॉवसन काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में वापसी करने में सफल रहे हैं। अब तक डॉवसन ने तीन टेस्ट मैच खेले हैं और सात विकेट लिए हैं तथा 84 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 66 रन रहा है। भारतीय टीम अब सीरीज में वापसी के लिए बेताब होगी। भारत के लिए हालांकि, मैनचेस्टर की चुनौती आसान नहीं रहने वाली है।

**भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11 इस प्रकार है... :-**

जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप (उपकप्तान), जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जैमी स्मिथ (विकेटकीपर), लियाम डॉवसन, क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

# युवाओं की फिटनेस में गिरावट पर एमएस धोनी ने जताई चिंता, बोले- कई लोग अभी भी खेल नहीं खेलते हैं

खेल एजेंसी



**नई दिल्ली।** धोनी का एक वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह फिटनेस को लेकर अपनी राय रखते नजर आ रहे हैं। धोनी ने रांची में एक कार्यक्रम में बोलते हुए बताया कि अपनी बेटी के साथ भी वे शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को शामिल करने का सचेत प्रयास करते हैं। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भारत में युवाओं की फिटनेस में गिरावट पर चिंता जाहिर की है। रांची में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने बताया कि अपनी बेटी के साथ भी वे शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को शामिल करने का सचेत प्रयास करते हैं। 44 साल के धोनी का फिटनेस पर काफी जोर रहा है और वह अभी भी मैदान पर फिट नजर आते हैं। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन वह अभी भी आईपीएल में खेलते हैं। धोनी इस उम्र में भी विकेट के पीछे काफी तेज रहते हैं और बल्लेबाज को चकमा देने का मौका नहीं छोड़ते हैं। धोनी का एक वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह फिटनेस को लेकर अपनी राय रखते नजर आ रहे हैं। हालांकि धोनी अपनी अनुशासित दिनचर्या के साथ उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने भारतीयों, विशेषकर बच्चों में फिटनेस के स्तर में गिरावट पर चिंता व्यक्त की। धोनी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, आजकल उम्र कम हो रही है, यानी शारीरिक गतिविधियों की मात्रा कम हो रही है। इसलिए, हम भारतीयों का औसत फिटनेस स्तर कम हो गया है।

### फारुख इंजीनियर, क्लाइव लॉयड के नाम ओल्डट्रैफर्ड में स्टैंड होंगे

# भारत-इंग्लैंड चौथे टेस्ट में सम्मान मिलेगा; लंकाशायर के लिए फारुख 175 मैच खेलें

खेल एजेंसी

**मैनचेस्टर।** भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के दिग्गज कप्तान क्लाइव लॉयड के नाम पर अब इंग्लैंड के ऐतिहासिक ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में स्टैंड होंगे। यह सम्मान उन्हें उनकी पूर्व काउंटी टीम लंकाशायर द्वारा दिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, यह स्टैंड-नामकरण समारोह भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन आयोजित हो सकता है। इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे है। फारुख इंजीनियर ने 1968 से 1976 के बीच लंकाशायर के लिए 175 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 5942 रन, 429 कैच और 35 स्टंपिंग कीं। उनके आने से पहले लंकाशायर ने 15 सालों में कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था, लेकिन उनकी मौजूदगी में टीम ने 1970 से 1975 के बीच गिलेट कप चार बार जीता। दो बार के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान क्लाइव लॉयड ने लंकाशायर के साथ करीब दो दशक बिताए और टीम के खेल में क्रांतिकारी बदलाव लाए। वे 1970 के दशक में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप



में क्लब में शामिल हुए थे। 87 साल के फारुख इंजीनियर ने मैनचेस्टर को ही अपना स्थायी निवास बना लिया है। उन्होंने क्लब की वेबसाइट को एक पुराने इंटरव्यू में बताया था, ओल्ड ट्रैफर्ड एक शानदार जगह थी, लोग हमें देखने के लिए दूर-दूर से आते थे। उन्होंने आगे कहा, ड्रेसिंग रूम से हम वॉरविक रोड रेलवे स्टेशन को देख सकते थे, और मैच से पहले ट्रेनों से भीड़ उतरती थी, उत्साहित आवाजें और हंसी की गूंज सुनाई देती थी। हमारे लॉकर ऑटोग्राफ और पार्टी इन्विटेशन से भरे रहते थे। क्लाइव लॉयड, हैरी पिलिंग, पीटर लेवर और केन शटलवर्थ जैसे नामों से टीम की खूब चर्चा होती थी। हम उस दौर की सबसे फेमस वनडे टीम बन गए थे।दिलचस्प बात यह है कि जहां फारुख इंजीनियर ने भारत में ब्रेबॉर्न स्टेडियम में सबसे ज्यादा क्रिकेट खेला, वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है। भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर, जो निजी दौरे पर मैनचेस्टर में हैं, इस समारोह में शामिल हो सकते हैं। क्लब के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## सिराज बोले- बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट खेलेंगे

खेल एजेंसी

***मैनचेस्टर।*** *एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट 23 जुलाई से खेला जाना है। भारत सीरीज में 1-2 से पीछे हैं। टीम को सीरीज जीतने के लिए हर हाल में मैनचेस्टर टेस्ट जीतना ही होगा। पिछले 2 दिनों से चोट की वजह भारतीय टीम परेशान हैं। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए हैं। वहीं अर्शदीप सिंह हाथ में चोट लगने की वजह से चौथे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। पेसर आकाश दीप का भी चौथा टेस्ट खेलना मुश्किल हैं। ऐसे में टीम में शामिल अंशुल कंबोज टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं। मैच से 2 दिन पहले मोहम्मद सिराज भारत की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब मोहम्मद सिराज से जसप्रीत बुमराह के खेलने को लेकर पूछा गया तो उन्होंने बोल, जस्सी भाई तो खेलेंगे। बुमराह एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के सेकेंड टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने 2 मैच खेले हैं और 12 विकेट लिए हैं। जबकि मोहम्मद सिराज 3 मैच में 13 विकेट लेकर टॉप पर हैं। लॉर्ड्स टेस्ट की हार पर सिराज ने कहा, मैं बहुत भावुक हो गया था।*

# 'सड़क मरम्मत के दौरान वन-वे ट्रैफिक करने के पूर्व चेतावनी बोर्ड अवश्य लगायें : मण्डलायुक्त'

## ग्वालियर रोड व मडीकल कॉलेज रोड पर सुगम यातायात हेतु कार्यवाही करें'

**'सड़कों पर अन्ना पशुओं के विचरण पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु एडी पशुपालन को दिए निर्देश'**

**'अन्ना पशुओं के कारण दुर्घटना को रोकने हेतु पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, पशुपालन, पंचायती राज अपने कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगायें'**

**'दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में प्रत्येक घटना का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश'**

झांसी ■ संवददाता

झांसी आज मण्डलायुक्त श्री बिमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी। उन्होने मण्डल के तीनों जनपदों झांसी, ललितपुर व जालौन में गुड सेमेरिटन (नेक इंसान) योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जिला अस्पताल, मेडीकल कॉलेज, थाना, तहसील, जिला स्तर पर विभिन्न चौराहों पर व्यापक प्रचार-प्रसार करायें जाने के निर्देश दिये, ताकि इस योजना का लाभ दुर्घटनाग्रस्त स्थल पर किसी व्यक्ति की जान बचाने में तत्काल प्रयास किया गया हो।मण्डलायुक्त ने मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को उनके कर्तव्यों का बोध कराया और कहा कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक नागरिकों का जीवन महत्वपूर्ण है। उन्होने बैठक में एनएचएआई को निर्देश दिये कि सड़क मरम्मत के दौरान वन-वे ट्रैफिक करने के पूर्व चेतावनी बोर्ड अवश्य लगायें, जिससे जनसामान्य को सचेत किया जा सकें। उन्होने ग्वालियर रोड व मडीकल कॉलेज रोड पर सुगम यातायात हेतु एनएचएआई व पीडब्ल्यूडी के



अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिये।मण्डलायुक्त ने एडी पशुपालन को दिए निर्देश दिये कि सड़कों पर अन्ना पशुओं के विचरण पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, जिससे हाई-वे/सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगायी जा सकें। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि मऊरानीपुर, चिरगांव, मोंठ, पूंछ, एट क्षेत्र में अन्ना पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, पशुपालन, पंचायती राज अपने कर्मियों की शिफ्टवार डयूटी लगायें। उन्होने दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में प्रत्येक घटना का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये, ताकि आगामी बैठकों में समीक्षा की जाएगी।मण्डलायुक्त ने एनएचएआई झाँसी-उरई के अधिकारियों को मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु निर्देश दिये। उन्होने ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र साइन बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए कि जहां पर भी दुर्घटना हो रही है वहाँ सुरक्षा के लिए समुचित प्रबन्ध किए जाएं, इसके अतिरिक्त उन्होंने दुर्घटनाओं को रोके जाने के लिए लगातार पेट्रोलिंग किए जाने के भी निर्देश दिए।मण्डलायुक्त ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि संचालित ई-रिक्शा, टेम्पो में ड्राईवर के पास में सवारी बैठाने पर कार्यवाही करें। उन्होने वाहनों के शीशों पर निर्धारित मानक से अधिक ब्लैक फिल्म लगाये जाने पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने शिक्षा के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में रोड सेफ्टी के जागरुकता अभियान चलाये जाये, जिससे बच्चों में यातायात संचालन के प्रति जानकारी हो सके। उन्होने नो हेलमेट, ओवर स्पीड, निर्धारित मानक के अतिरिक्त नम्बर प्लेट सहित यातायात के नियमों को तोड़ने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु एआरटीओ को निर्देश दिये।बैठक में डीआईजी श्री केशव कुमार चौधरी, आरटीओ श्री ए0के0 त्रिवेदी, एआरटीओ श्री हेमचन्द्र गौतम, आरएम रोडवेज श्री संतोष कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत श्री चन्द्रजीत प्रसाद, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी श्री संजीव कुमार, अपर नगर आयुक्त श्रीमती रोली गुप्ता, परियोजना निदेशक एनएचएआई श्री तरवीन सहरावत, संयुक्त निदेशक शिक्षा श्री राजू राना, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रती वर्मा, अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ0 सुमन, गौरी फाउडेंशन के राहुल द्विवेदी, टेम्पो-टैक्सी यूनियन के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज बीफ्र

### पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु निवेश आकर्षित करने के लिए पर्यटन नीति-2022 लागू'

झांसी क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी श्री डी0के0 शर्मा ने अवगत कराया है कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु निवेश आकर्षित करने के लिए पयर्टन विभाग द्वारा पर्यटन नीति-2022 लागू की गई है। इसमें पर्यटन उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में इकाईयों की स्थापना करने पर विभिन्न सुविधाएं एवं छूट अनुमन्य की गयी हैं। प्रदेश में अधिकाधिक निवेश होने पर पर्यटन से जुड़े उद्योग एवं अन्य व्यवसायों को भी लाभ प्राप्त होगा तथा रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त हो सकेगें। इस नीति देश की वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था लाभ में विशेष भूमिका होगी, जो सरकार की शीर्ष प्राथमिक्ताओं में एक है।उन्होने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु पर्यटन नीति 2022 लागू की गई है। इस नीति का उद्देश्य राज्य को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाना, रोजगार के अवसर उत्पन्न करना तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करना है।'पर्यटन नीति 2022 के प्रमुख लाभ'निजी निवेशकों को आकर्षित करने हेतु विशेष प्रोत्साहन एवं रियायतें, स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत की छूट (लीजध्ट्रान्सफरध्खरीद), लैण्ड परिवर्तन एवं विकास शुल्क में छूट, युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास के नए अवसर। सांस्कृतिक, धार्मिक एवं इको टूरिज्म को बढ़ावा। राज्य की आर्थिक वृद्धि में पर्यटन क्षेत्र का योगदान, उपलब्ध सब्सिडी एवं प्रोत्साहन, पूंजीगत सब्सिडी-होटल, रिसॉर्ट, होमस्टे एवं अन्य पर्यटन इकाइयों की स्थापना पर 25 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला उद्यमियों हेतु 30 प्रतिशत तक की विशेष पूंजीगत सब्सिडी। ब्याज सब्सिडी की दर-पात्र पर्यटन इकाईयां अधिकतम पांच साल की अवधि के लिए प्रति वर्ष ऋण राशि के 5 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी के आवेदन कर सकती है।

### प्रधान की पहल से हुई नाले की सफाईए नगर वासियों ने की सराहना



चिरगांव झांसी ग्राम पंचायत चिरगांव देहात के प्रधान प्रतिनिधि की सक्रिय पहल पर आज भांडेर चुंगी के मुख्य नाले की सफाई कराई गई। इस कार्य से न सिर्फजलजमाव की समस्या से राहत मिलीए बल्कि संक्रमण फैलने की आशंका भी कम हुई है। वहीं दुकान मालिकों ने बताया कि नाले में लंबे समय से गंदगी जमा हो रही थीए जिससे बदबू और मच्छरों की समस्या बढ़ गई थी। शिकायतों के बाद प्रधान ने तुरंत संज्ञान लिया और जेसीबी से नाले की पूरी तरह से सफाई कराई। प्रधान प्रतिनिधि रिंकू कुशवाहा ने कहाए ष्गांव की स्वच्छता मेरी प्राथमिकता है। नाले की सफाई से लोगों को राहत मिलेगी और हम आगे भी साफसफाई को लेकर सजग रहेंगे।नगर वासियों ने प्रधान की इस त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब गांव में साफसफाई को लेकर एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।यह पहल ष्स्वच्छ भारत मिशनष् की भावना को साकार करती है और अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक प्रेरणा है।

# रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क बनाए जाने के निर्देश ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कोई समस्या न हो : अपर जिलाधिकारी प्रशासन

## 43 सेक्टर व 43 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में संपन्न होगी समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा

**जनपद में परीक्षा हेतु बनाए गए 43 परीक्षा केंद्र, सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देश**

**सकुशल परीक्षा संपन्न कराना सभी संबंधितों की जिम्मेदारी- अपर जिलाधिकारी**

**जनपद के 43 परीक्षा केदो पर 18984 परीक्षार्थी देंगे समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा**

झांसी ■ संवददाता



अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में 27 जुलाई 2025 (रविवार) को उ0प्र0 लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी(प्रा0) परीक्षा-2023 की तैयारी व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के संबंध में केंद्र व्यवस्थापको एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट/ स्टेटिक मजिस्ट्रेट व अन्य सभी संबंधितों के साथ बैठक आहुत की गई। इस अवसर पर उ0प्र0 लोक सेवा आयोग के परीक्षा समन्वयक श्री डी के सिंह उपस्थित रहे।समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0)-2023 का आयोजन जनपद के कुल 43 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 27 जुलाई 2025 (रविवार) को पूर्वान्ह 09रू30 बजे से 12रू30 बजे अपरान्ह तक सम्पन्न होनी है। समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा हेतु जनपद के 43 परीक्षा केंद्रों पर कुल 18984 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति रहेगी।बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने निर्देश दिए के रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाए ताकि परीक्षा देने हेतु आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुँचने के लिए उचित मार्गदर्शन किया जा सके। उन्होंने परिवहन विभाग को भी निर्देशित किया की परीक्षार्थियों को किसी भी दशा में समस्या परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में समस्या न हो उसके लिए परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को नकल विहीन सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रश्नपत्र/ओएमआर सीट के गोपनीय बण्डल को निर्धारित समय पर टेजरी के डबललॉक से प्राप्त करते हुए परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध कराएगें तथा संबंधित केन्द्र व्यवस्थापक गोपनीय बंडलों को प्राप्त कर वीडियोग्राफी कराते हुए कक्ष निरीक्षकों को उपलब्ध कराएंगे।

# क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी द्वारा भूद्दजल सप्ताह के समापन अवसर पर

झांसी ■ संवददाता




बलदेव भाई पटेल जूनियर हाई स्कूल झांसी में ष् जल है तो कल है ष्विषयक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें स्कूल के लगभग 200 छात्र ध्छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया । पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र.छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय की सुहाना कुशवाहा ने प्रथम स्थानए अभय प्रजापति ने द्वितीय स्थानए प्राची कुशवाहा ने तृतीय स्थानए राज कुशवाहा एवं पवन अहिरवार को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया । इस अवसर पर क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी के प्रभारी डॉ राजीव कुमार त्रिवेदी द्वारा जल संरक्षण किए जाने के संबंध में छात्राओं को जागरूक किया गया। समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य स्केंद्र कुमार पटेल द्वारा जल को बचाए जाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के पश्चात राज्य संरक्षित स्मारक लक्ष्मी मंदिर झांसी पर छात्र.छात्राओं को स्मारक भ्रमण कराया गया एवं स्मारक के महत्व से अवगत कराया स्मारक के निकट स्थित रानी लक्ष्मीबाई उद्यान में छात्रध्छात्राओं द्वारा पौधारोपण भी किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य स्कंद कुमार पटेल एवं विद्यालय के शिक्षक ध्शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी के रमेश प्रसाद श्रीवास्तव सुनील चतुर्वेदी महेंद्र कुमार संजय चौरसिया अरविंद कुमार वर्मा सत्यम द्वारा कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया अंत में क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई झांसी के प्रभारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# लवली के सिर पर सजा हरियाली तीज क्वीन का ताज

**हरियाली तीज पर आयोजित कार्यक्रमों में बिखेरा हुनर का जलवा**

झांसी।अखण्ड सौभाग्य प्राप्ति के रूप में मनाये जाने वाले ष्हरियाली तीजष् पर्व पर सनफ्रॅान अशोक सिटी महिला मण्डल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर मंत्रमुग्ध कर दिया। कई चरणों में सफलता हासिल कर लवली अग्रवाल ने हरियाली क्वीन के ताज पर कब्जा जमाया , नीलम सिंह दिव्तीय व तृतीय स्थान पर रश्मि राय रहीं। वन्दिता अग्रवाल की अध्यक्षता एवं निशी चौरसिया के संचालन में कार्यक्रम का शुभारंभ शिव व पार्वती जी की आरती से किया गया।जज /अतिथियों संध्या अग्रवाल (अध्यक्ष-अग्रवाल वुमेन्स क्लब),डॉ. दीपा राय (एमडी पैथालाजिस्ट) अर्चना वर्मा (पीसीएस)का सम्मान प्रियंका सिंह व रेनु पाठक ने किया।सास-बहु प्रतियोगिता में भावना सोनी एवं श्रद्धा पाठक विजेता रही। कई ग्रुप गेम्स एवं सोलो परफॉर्मेंस के साथ ही सनफ्रॅानश् अशोक सिटी महिला मण्डलष् की पदाधिकारियों ने भी नृत्य की शानदार प्रस्तुति कर समां बांध दिया।

सनफ्रॅान ग्रुप कंपनी के अधिकारियों ने कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिये समुचित सुविधायें उपलब्ध करवाकर महिला मण्डल का सहयोग व उत्साहवर्धन किया।आभार नीतू निरंजन ने व्यक्त किया।

# '' निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित प्रधानाचार्य आईटीआई एवं जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को शो-कॉज नोटिस जारी

## टेक्नीकल टीम का हुआ गठन, करेगी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच- सीडीओ

**पूर्ण परियोजनाओं का सत्यापन करते हुए शासनादेशानुसार गठित कमेटी द्वारा हैंडओवर करना सुनिश्चित करें- सीडीओ**

**प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय हाई स्कूल पठारी में निर्माण से पूर्व सीलन/सेप्टिक टैंक में गड़बड़ी होने पर कार्यदायी संस्था उप्र आवास एवं विकास परिषद को लगाई फटकार**

**उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के कुल 28 कार्य,25 कार्य लगभग पूर्व एक सप्ताह में सभी को हैंडओवर कर जनता को किया जाए लाभान्वित**

झांसी ■ संवददाता



मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में ?50 लाख एवं उससे अधिक लागत की परियोजनाओं का सत्यापन एवं प्रगति की समीक्षा बैठक ली।बैठक में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाएं (सड़कों को छोड़कर) एवं 50 लाख से अधिक लागत की सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने टेक्निकल टीम गठित करते हुए किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखने के निर्देश दिए। यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन पाया जाता है तो संबंधित विरुद्ध कार्यवाही की जाएँगी। उन्होंने समीक्षा के दौरान विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पूर्ण परियोजनाओ को हैंडओवर के लिए शासनादेशानुसार 05 सदस्यीय कमेटी गठित कर टेक्निकल वेरिफिक्रेशन के पश्चात बिल्डिंग अथवा अन्य निर्माण कार्य हैंडओवर किया जाना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने ? 50 लाख से अधिक लागत की सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए बिंदुवार सड़क निर्माण कार्यों की जानकारी ली, निर्देश दिए कि जहां पर भी सड़क निर्माण में कोई समस्या आ रही है तो टीम गठित कर तत्काल स्थलीय निरीक्षण करते हुए समस्या का निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए ताकि निर्माण कार्य पूर्ण किया जा सके। उन्होंने समस्त सड़क निर्माण कार्यों के सत्यापन हेतु नामित सत्यापन अधिकारियों से कार्य की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सड़क की गुणवत्ता को अवश्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने रानीपुर निवाड़ी मार्ग से चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, पारीछा रेलवे स्टेशन से जौरी बुजुर्ग संपर्क मार्ग के 4 ा3 से लिधौरा संपर्क मार्ग का नवनिर्माण एवं बंका पहाड़ी सिद्धनाथ मंदिर तक सड़क का नवनिर्माण सहित अन्य मार्गों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए की सड़क निर्माण समय से और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए।मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद ने उ0प्र0आवास विकास परिषद द्वारा अलंकार प्रोजेक्ट के तहत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए राजकी हाईस्कूल पठारी की जानकारी नोडल अधिकारी से प्राप्त की, नोडल अधकारी ने बताया कि निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है लेकिन बिल्डिंग में सीलन और सेप्टिक टैंक में गड़बड़ी है।

# 'राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान शिविर का आयोजन वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर किया'

## 'रेलवे स्टेशन पर उपस्थित आमजनमानस को मध्यस्थता के प्रति जागरूक किया गया'

झांसी ■ संवददाता



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक के सफल आयोजन हेतु आज जनपद न्यायालय परिसर झासी से श्रीमती कमलेश कच्छल, माननीय जनपद न्यायाधीश झांसी के निर्देशानुसार तथा श्री शरद कुमार चौधरी, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झासी के मार्गदर्शन में वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन, झांसी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित समस्त जनमानस को मध्यस्थता के प्रति जागरूक किया गया कि मध्यस्थता के जरिये आप अपने लम्बे समय से चल रहे वाद को राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान में चिन्हित कर सुलह समझौते के आधार पर कम से कम समय में निस्तारण करा सकते हैं।अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री शरद कुमार चौधरी द्वारा समस्त विद्वान अधिवक्ता बन्धुओं एवं वादकारियों से अपील की गयी कि आप अपने-अपने सम्बन्धित वादों को चिन्हित कर आयोजित राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान में अधिक से अधिक वादों को नियत कराते हुए जरिये सुलह समझौता निस्तारित कराकर इसका लाभ उठायें तथा सम्बन्धित कोई भी जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के माध्यम से अधिकाधिक मामलों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कर आमजनमानस को अधिक से अधिक लाभ प्रदान किया जा सके।इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री शरद कुमार चौधरी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे श्री अरूणकांति यशोदास, स्टेशन अधीक्षक श्रीमती सीमा तिवारी, पेशकार, रेलवे कोर्ट श्री अबरार अहमद, वरिष्ठ लिपिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आदिल जाफरी, पैनल लॉयर, पराविधिक स्वंय सेवकगण (पी0एल0वी0). विद्वान अधिक्तागण आदि उपस्थित रहे। कार्याक्रम के अन्त में श्री आदिल जाफरी, वरिष्ठ लिपिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झांसी द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्याक्रम का संचालन किया।

स्वामी, मुद्रांक, प्रकाशक, महेंद्र तिवारी, द्वारा तिवारी आर्ट्स गुंडी गुंडा का नाका 14 बटालियन न्यू कुशवाहा कॉलोनी ग्वालियर से मुद्रित कराकर ताज 1100 कंपाउंड नंदनपुर झांसी से प्रकाशित संपादक उत्तम दुबे, व्यवस्थापक संपादक धुप दुबे, (पी आई सी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदारी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र झांसी उत्तर प्रदेश रहेगा मो, 9074692488, 9451232588,810348949